CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
Tital Code:RAJHIN27921

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732





वर्ष: 01 | अंक: 132 | जयपुर | 21 दिसंबर 2022 | बुधवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 06


## वसुंधरा राजे ने गैस सिलेंडर ब्लास्ट में प्रभावित 24 परिवारों को गोद लिया

**तबाही का मंजर देखकर वसुंधरा राजे की आंखें भर आईं। उन्होंने पीड़ित परिवारों को गोद लेने की बात कही**



जोधपुर. पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार को जोधपुर के भूंगरा गांव पहुंचीं। यहां 8 दिसंबर को सगत सिंह के घर शादी समारोह में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से आग लग गई थी। इस हादसे में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है। तबाही का मंजर देखकर वसुंधरा राजे की आंखें भर आईं। उन्होंने पीड़ित परिवारों को गोद लेने की बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार सुबह 8.10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचीं थीं। इसके बाद वे 9 बजे सीधे बीएसएफ मुख्यालय गईं, जहां उन्होंने 1971 के युद्ध नायक भैरव सिंह को श्रद्धांजलि दी। वहां से सुबह 9.30 बजे वे भूंगरा गांव के लिए रवाना हो गईं। इस हादसे में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सुबह 11 बजे भूंगरा गांव में घटनास्थल पर पहुंचीं। वहां अधजली सुहाग की चूड़ियां, बिखरा हुआ सिंदूर, जला हुआ लहंगा देखकर वे भावुक हो गईं। सुहाग का यह सामान वर पक्ष 8 दिसंबर को वधू के लिए ले जाने वाला था। पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने जब वसुंधरा राजे को खून से सनी दीवारें दिखाईं तो पूर्व सीएम की आंखें भर आईं। उन्होंने कहा ऐसे भयानक मंजर के बारे में सुनने से ही रूह कांप जाती हैं। हे ईश्वर, कभी ऐसा न हो। उन्होंने मीडिया से बातचीत में साफ कहा-प्लीज ऐसे में राजनीति नहीं। इसके बाद वसुंधरा राजे मृतकों के परिजनों से मिलीं। दिवंगतों के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए वसुंधरा राजे ने कहा कि ये सब अपने ही थे, जिनके चले जाने का बहुत दुख है। यह एक ऐसा हादसा है जो हमेशा हमारे मन में कांटे की तरह चुभता रहेगा। पूर्व सीएम ने कहा कि जो चले गए वे वापस तो नहीं आ सकते, लेकिन उनके परिजनों को जो गहरे घाव मिले हैं, उन पर हम अपनी सद्भावना का मरहम लगा सकते हैं। उन्होंने कहा इस त्रासदी से आहत सभी परिवारों को में गोद लेती हूं। पूर्व सीएम ने मृतकों के परिजनों, घायलों के भोजन, आवास, बच्चों की शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की बात की। 24 परिवार हैं जिनके यहां डेथ हुई है। उन्होंने जोधपुर गैस सिलेंडर ब्लास्ट के प्रभावितों, मृतकों के परिजनों से बात की और डॉक्टर से मरीजों के इलाज के बारे में जानकारी ली। पीड़ित परिवारों की मदद करने का ऐलान भी किया। मीडिया से चर्चा में वसुंधरा ने कहा कि शेरगढ़ के भूंगरा में हुआ हादसा बहुत ही भयानक था। इस हादसे के बाद से ही में पीड़ित परिवार के बीच जाकर संवेदनाएं व्यक्त करना चाहती थी। परिवार की मदद के लिए भूंगरा गांव के पीड़ित परिवारों को गोद लिया है। उन्होंने कहा कि मैंने परिवार से लोगों से कहा कि राजस्थान की जनता ने मुझे बहुत कुछ दिया है। इसलिए मेरी भी जिम्मेदारी बनती है, इन परिवारों की मदद की जाए। क्योंकि ये भी मेरा परिवार है। ऐसे समय में हमें मदद करनी चाहिए फिर हम सरकार में रहें या नहीं रहें। बिना किसी राजनीति के हम कुछ करें। वसुंधरा राजे ने बताया कि उन्होंने पीड़ित परिवारों की मदद के लिए 5 लोगों की एक कमेटी बनाई है। जो पीड़ित परिवार के बीच जाएंगे और पता करने की कोशिश करेंगे कि उनको क्या मदद मिल रही है। इसके अलावा परिवार के लोगों के भोजन व्यवस्था के लिए भी मदद की जाएगी।

## ट्विटर पर प्रधानमंत्री मोदी का ब्लू टिक ग्रे हुआ

नई दिल्ली. ट्विटर पर नए वेरिफिकेशन सिस्टम के तहत बदलाव दिखना शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के अकाउंट्स से ब्लू टिक हट गया है। इनके हैंडल में ग्रे टिक दिखने लगा है। हालांकि, ग्रे टिक वाले नियम को अभी तक पूरी तरह से रोल आउट नहीं किया गया है। कई राजनेताओं के हैंडल में अभी भी ब्लू टिक दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी के अकाउंट पर अभी भी ब्लू टिक बना हुआ है। 13 दिसंबर को ट्विटर ने वैरिफाई की पॉलिसी चेंज कर दी है। इसे तीन कलर की कैटेगरी में बांटा गया है। कंपनियों को गोल्ड चेक, सरकार को ग्रे चेक और आम नागरिकों को ब्लू टिक मिलेगा। मोदी के साथ-साथ प्राइम मिनिस्टर ऑफिस जैसे सरकारी संस्थानों के ट्विटर हैंडल पर ग्रे टिक दिखने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक सहित कई राजनेताओं के ट्विटर प्रोफाइल पर ग्रे टिक दिख रहा है।

# भारत जोड़ो यात्रा हमारे लिए वरदान :अशोक गहलोत

## राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा पूरी, आज से हरियाणा में एंट्री

अलवर. राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा अलवर के राजगढ़ में सफर खत्म हो गया है। आज से हरियाणा में यात्रा की एंट्री होगी। राहुल की यात्रा ने 16 दिन में 485 किलोमीटर की दूरी तय की। आज 16वें दिन की अलवर शहर के कटिघाटी पार्क से शुरू हुई यात्रा के पहले फेज का रामगढ़ क्षेत्र के लोहिया का तिबारा में लंच ब्रेक हुआ था। दोपहर 3:30 बजे बगड़ चौराहे से यात्रा का शाम का फेज शुरू हुआ। रामगढ़ में यात्रा पूरी हुई और हरियाणा बॉर्डर पर बीजवा गांव में यात्रा का रात्रि विश्राम रखा गया है। आज कुल 23 किलोमीटर का सफर तय किया। पहले चरण की यात्रा खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा हमारे लिए वरदान साबित हो रही है। हर यात्रा एक संदेश देती है, इस यात्रा से हमें संदेश मिला है कि हमें अगले बजट में सामाजिक सुरक्षा पर फोकस करना है। गहलोत ने कहा 19 दिसंबर को राहुल गांधी ने कहा था कि हमने 1700 अंग्रेजी स्कूल खोले। यह कम है, तो हम इसका जाल बिछा देंगे, जिससे अगले कुछ सालों में हमारे बच्चे अंग्रेजी में बेहतर हो सकेंगे। बीजेपी वाले गोबल्स की रिश्तेदार हैं, एक झूठ को सौ बार बोलो तो सच समझने लग जाते हैं लोग, बीजेपी उसी तरह से झूठ बोल रही है। बीजेपी को शर्म आनी चाहिए। बीजेपी कह रही है कि हमने



किसानों का कर्जा माफ नहीं किया, जबकि 14 लाख तक का कर्जा माफ हुआ है। अंग्रेजी को लेकर सीएम अशोक गहलोत और जयराम रमेश के बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मजाक में रोचक बातचीत का दौर चला। अशोक गहलोत ने राहुल गांधी के राजस्थान सरकार की योजनाओं की तारीफ का जिक्र करते हुए कहा कि हम अंग्रेजी स्कूलों का जाल बिछा देंगे। मैं बचपन से अंग्रेजी का विरोधी रहा हूं। इस दौरान जयराम रमेश हंसने लगे तो गहलोत ने कहा कि देखिए, जयरामजी हंस रहे हैं अंग्रेजी की बात पर। जयराम रमेश ने चुटकी लेते हुए कहा, लेकिन वैभव तो अंग्रेजी से हैं। इस पर गहलोत ने हंसते हुए कहा, उसकी आप छोड़िए, मैं दूसरी बात कर रहा हूं। मैं इसलिए खिलाफ था क्योंकि उस वक्त माहौल ही ऐसा था। दक्षिण में हिंदी के खिलाफ आंदोलन होते थे, उत्तर में अंग्रेजी के खिलाफ।

### टिकट-पद चाहिए तो 15 किलोमीटर चलना होगा

मंत्रियों को महीने में एक दिन पैदल चलने के राहुल के सुझाव को कांग्रेस ने अगले महीने से ही लागू करने की घोषणा कर दी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि 26 , 27 जनवरी से मंत्री, विधायकों और संगठन के पदाधिकारी एक दिन पैदल चलेंगे। हम जल्द तारीख तय कर देंगे। अगर मंत्री रहना है, टिकट लेना है और संगठन में पद लेना है तो महीने में एक दिन पैदल चलना ही होगा। आज यात्रा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अलावा पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी चले। दोनों नेता एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलते हुए दिखाई दिए। राहुल के साथ स्थानीय कांग्रेस विधायक और कई मंत्री भी थे। वहीं, पूर्व केंद्रीय सचिव व अर्थशास्त्री अरविंद मायाराम भी मंगलवार को यात्रा में शामिल हुए। राजस्थान कांग्रेस के लिए राहुल गांधी की यात्रा के बहुत से सियासी मायने हैं। अशोक गहलोत और सचिन पायलट खेमों के बीच इस यात्रा की वजह से सियासी सीजफायर करवाया गया था। राहुल की यात्रा के गुजरने के बाद अब दोनों खेमों के बीच शांति बरकरार रहती है या नए सिरे से खींचतान बढ़ती है, इस पर सबकी निगाहें टिक गई हैं।

### खड़गे ने राहुल की दाढ़ी पर हाथ फेरा

जनसभा के दौरान एक रोचक वाकया सामने आया। सभा के दौरान मंच पर राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अगल-बगल बैठे हुए थे। राहुल ने अपनी मूछों और दाढ़ी पर हाथ फेरा, तो पास में बैठे खड़गे ने भी मुस्कुराते हुए राहुल की दाढ़ी पर हाथ फेरा। हल्के-फुल्के अंदाज में दोनों नेताओं के बीच कुछ पल बातचीत भी हुई। इस दौरान खड़गे और गांधी परिवार के बीच रिश्तों की गहराई भी दिखी। बता दें कि यात्रा जब से शुरू हुई है, तभी से राहुल गांधी की दाढ़ी को लेकर राजनीति हो रही है।



# भाजपा सरकार बनने पर ना भ्रष्टाचारी दिखेंगे - ना ही माफिया, सबका परमानेंट इलाज कर देंगे: डॉ. पूनियां

जयपुर/ लसाडिया। भाजपा की पूरे राजस्थान में जन आक्रोश सभायें चल रही हैं, इसी क्रम में अजमेर, केकड़ी, हाड़ौती, झाडोल, खेरवाड़ा, सलूम्बर में उमड़े जनसैलाब के बाद आज आदिवासी अंचल में धरियावद के लसाड़िया में भी जन आक्रोश सभा में भाजपा राजस्थान अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां को ऊर्जा, ताकत और आशीर्वाद देने जनसैलाब उमड़ा।

सतीश पूनियां ने लसाड़िया में जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान के आदिवासी अंचल से लेकर पूरे देश में आदिवासियों के उत्थान, उनकी संस्कृति और विरासत को समृद्ध बनाने के लिये संकल्पित हैं, जिसके लिये वह तमाम योजनाओं के जरिये कार्य कर रहे हैं।

साथ ही राजनीति, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार इत्यादि क्षेत्रों में भी मोदी सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिये प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम हम सबके सामने हैं।

मोदी सरकार ने आदिवासी भाई-बहनों के जीवन बदलने का काम किया है, जिनके सर पर छत नहीं थी उनको आवास देकर, उनका जीवन बदलने का काम किया है।कांग्रेस शासन में आदिवासी क्षेत्रों में सड़कों की बदहाली है, यहां भ्रष्टाचार चरम पर, योजनाएं जमीन पर नहीं है, जिसका कारण कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियां है। प्रकृति के सबसे नजदीक होते हैं आदिवासी, जल, जंगल और जमीन की रक्षा करते हैं, लेकिन कांग्रेस शासन में यह सुविधाओं से दूर क्यों हैं।यहां के नौजवानों से कहना चाहता हूं कि भाजपा की जब जब सरकारें आई राजस्थान में जनजाति को टीएसपी का जो आरक्षण है वो राजस्थान की राजनीति के अजातशत्रु पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत की देन है, जिन्होंने आदिवासी भाई-बहनों के जीवन को बदलने का काम किया। माताओं-बहनों को पंचायतीराज में जो आरक्षण मिला, वह भाजपा सरकार की देन रही है, काम के बदले अनाज योजना अंत्योदय की योजना उससे यहां के लोगों को रोजगार के अवसर मिले।

प्रकृति के उपासक आदिवासी लोगों से यहां पिछले कई दिनों से मिल रहा हूं, यहां के नौजवानों से संवाद हो रहा तो इनका कहना कि, क्या हमें शिक्षा का अधिकार नहीं मिलना चाहिये, हमें नौकरी और सहूलियत से जीने का अधिकार नहीं मिलना चाहिये, कांग्रेस ने 55 वर्षों के राज में जनजाति के लोगों को सिर्फ वोट-बैंक समझा।



कांग्रेस ने सिर्फ यही किया, वंशवाद की राजनीति करेंगे और केवल वोट बटोरते रहेंगे और कांग्रेस शासन में ये जो दुर्दशा राजस्थान कि है हम लोग उसके लिए अलख जगाने के लिए आए हैं, ये जनआक्रोश उसी बात का है, यह भाजपा का आक्रोश नहीं है, यह जनता का आक्रोश है कांग्रेस की जनविरोधी सरकार के खिलाफ, इसमें भाजपा जनता की मुखर आवाज बन रही है।भाजपा तो आपको जगाने के लिए आई है, अब मुझे पूरा भरोसा है कि जितनी बडी तादाद में आप लोग आएं हो तो गौतम भाई ने जैसे कमल खिलाया था, अब 2023 में धसाड़िया और धरियावद में भी कमल खिलायेंगे और राजस्थान में प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनायेंगे।

कांग्रेस के अंतरराष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने 2018 में वादा किया था कांग्रेस की सरकार बनने पर दस दिन में राजस्थान के सभी किसानों का पूरा कर्जा माफ करेंगे,लेकिन वादाखिलाफी की, झूठ बोला किसानों से, जिससे तंग आकर प्रदेश में 200 से अधिक किसान सुसाइड कर चुके हैं।

राजस्थान की कानून व्यवस्था की बात आती है तो हम शर्मसार होते हैं, हत्या, लूट, डकैती, गैंगवार, माफिया, दुष्कर्म की खबरों से आए दिन अखबार भरे आते हैं और हर विभाग में भ्रष्टाचार है, मतलब राजस्थान गुंडों, माफियाओं और गैंगस्टरों के कब्जे में है और बिना पैसे के काम नहीं होता।

आदिवासी भाई-बहनों से लेकर पूरे राजस्थान की जनता को आश्वस्त करता हूं कि 2023 में भाजपा की सरकार बनने पर ना भ्रष्टाचारी दिखेंगे, ना गुंडे-गैंगस्टर-माफिया दिखेंगे, इनका परमानेंट इलाज कर देंगे।कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करती है, क्या दोष था उदयपुर के कन्हैयालाल साहू का जिसकी गर्दन काट दी गई, दुकान पर बैठे दर्जी कन्हैयालाल की केवल इसलिये हत्या कर गई कि कांग्रेस सरकार अपराधियों को संरक्षण देती है, धर्म, पंथ और जाति में भेदभाव करती है।मोदी सरकार ने अराजक संगठन पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस पर प्रतिबंध लगाने में क्या दिक्कत है, क्या प्रदेश की सुरक्षा से ज्यादा चिंता अशोक गहलोत को पीएफआई से प्यार है।

जनता की अदालत लसाडिया में आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम जन आक्रोश के जरिए ऐसी अराजक, नकारा, निकम्मी, भ्रष्ट, अकर्मण्य कांग्रेस पार्टी की सरकार को उखाड फेंकने के अभियान पर निकले हैं और ये भरोसा दिलाने के लिए आया हूं 2023 में लसाड़िया की जनता भाजपा को आशीर्वाद दे।

## अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव की पार्थिव देह एसएमएस मेडिकल कॉलेज में शोध कार्य के लिए चिकित्सकों को सुपुर्द

# पत्नी के बाद पति ने की देहदान

जयपुर। तीन साल पूर्व उर्मिला श्रीवास्तव ने देहदान किया और मंगलवार को ठीक तीन साल एक माह बाद उनके पति अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव ने देहदान कर महर्षि दधीचि की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अपने आराध्य में लीन हो गए। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार, राजस्थान के संरक्षक अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव की पार्थिव देह उनकी अंतिम इच्छानुसार एसएमएस मेडिकल कॉलेज में शोध कार्य के लिए चिकित्सकों को सुपुर्द की गई। एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने देहदान के लिए गायत्री परिवार का आभार प्रकट किया।

गायत्री परिवार जयपुर के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव का मंगलवार सुबह 5 बजे निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वे पांच बेटियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। श्रीवास्तव अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सानिध्य में लंबे समय तक व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और. राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटे रहे थे। रेल सेवा में रहते हुए अपनी तनख्वाह और बाद में पेंशन का अधिकांश भाग वे समाज हित में लगाते रहे। वे हमेशा लोगों को प्रेरित करते रहते थे कि अपने साधन, समय, प्रभाव का एक अंश समाज हित के कार्य में लगाएं।

- एक साथ लिया था संकल्पः

उल्लेखनीय है कि अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव और उनकी धर्मपत्नी उर्मिला श्रीवास्वत ने 2005 में देहदान का संकल्प लिया था। इस संबंध में गायत्री परिवार के सभी प्रमुख पदाधिकारियों और परिवार के सदस्यों को सूचित कर दिया था। 19 नवंबर, 2019 को उर्मिला श्रीवास्तव ने अपनी पार्थिव देह दान की थी। श्रीवास्तव दंपति ने अपने जीवनकाल में ही देहदान का संकल्प लिया था, जिसे दोनों ने निभाया। श्रीवास्तव ने गायत्री परिवार के कई लोगों को अंगदान, नेत्रदान का संकल्प




करवाया था। उनकी प्रेरणा से गायत्री परिजन यज्ञ और संस्कार के दौरान लोगों को भी अंगदान, नेत्रदान, तथा देहदान का संकल्प करवाते हैं। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी को विस्तार देने से लेकर राजस्थान में गायत्री परिवार के संगठन को नई ऊंचाई देने में श्रीवास्तव सतत रूप से प्रयासरत रहे।

- मानसरोवर में श्रद्धाजंलि सभा कल

मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में गुरु सत्ता के समाधि स्थल सजल श्रद्धा, प्रखर प्रज्ञा पर उनकी पार्थिव देह को दर्शनार्थ रखा गया। गायत्री परिवार सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने पार्थिव देह पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। किरण पथ मानसरोवर स्थित वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में गुरूवार को शाम चार से पांच बजे तक श्रद्धाजंलि सभा होगी।

## दुनिया में बढ़ रहे हैं कोरोना के केस

**90 दिनों में दुनिया की 10% आबादी को हो सकता है कोरोना**

नई दिल्ली. चीन के बाद अब पूरी दुनिया में खतरा मडराने लगा है। चीन सरकार नए अस्पताल बनाने के लिए मजबूर हो गई है क्योंकि मरीजों की संख्या बढ़ते ही इलाज की व्यवस्था लचर हो गई है। इसी बीच शीर्ष महामारी विज्ञानी और स्वास्थ्य अर्थशास्त्री एरिक फेगल-डिंग ने अनुमान लगाते हुए बड़ी चेतावनी दी है। दुनिया की 10% आबादी अगले 3 महीने में कोरोना महामारी की चपेट में आ सकती है, जिसके कारण लाखों लोगों की मौत होने की संभावना है। दावा किया है कि चीन में अगले 90 दिनों में 60% से अधिक आबादी कोरोना से संक्रमित हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शी जिनपिंग सरकार द्वारा लॉकडाउन प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद चीन में कोविड-19 के मामलों में भारी उछाल आया है। सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का कहना है कि जो भी संक्रमित हो रहा है, उसको संक्रमित होने दो, जो मर रहा है, उसे मरने दो। चीनी अधिकारियों ने 19 और 23 नवंबर के बीच कोरोना से चार मौतों की घोषणा के बाद से चीन ने बीजिंग में किसी भी मौत होने की जानकारी नहीं दी है। वहीं वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार कोरोना महामारी रोगियों के लिए बीजिंग के श्मशान में से एक को हाल के दिनों में शवों से भर दिया गया है क्योंकि चीनी राजधानी में वायरस फैल गया है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि सभी पॉजिटिव केस के सैम्पल्स जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजें, ताकि कोरोना के नए वैरिएंट का पता लगाया जा सके। दरअसल, चीन में कोरोना प्रतिबंधों में ढील के बाद वहां संक्रमण की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। हालात इतने गंभीर हैं कि अस्पतालों के बाहर लंबी लाइन लग रही है, मरीजों को बेड नहीं मिल रहे हैं। दवाएं भी नहीं हैं, जहां हैं भी वहां लंबी लाइन लगानी पड़ रही है। श्मशान में भी शवों की लाइन लगी हुई है। हालात इतने बुरे हैं कि यहां पुलिस तैनात है। ऐसी परिस्थितियों में अब भारत भी अलर्ट है।

## सम्पादकीय


# राजस्थान में कई गुटों में बंटी कांग्रेस को जोड़ गयी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा

राजस्थान में अपनी पद यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पार्टी को एकजुट करने का बड़ा काम कर दिया है। उसके बाद अब राजस्थान के नेताओं को भी एकजुट होकर जनता के बीच जाना चाहिए और लोगों को पार्टी में ऑल इज वेल का संदेश देना चाहिए।कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा इन दिनों राजस्थान से गुजर रही है। राहुल गांधी की इस पदयात्रा से राजस्थान में कई गुटों में बंटी कांग्रेस जहां एकजुट हुई है वहीं संगठन की दृष्टि से भी मजबूत हुई है। एक तरह से कहा जाए तो राजस्थान कांग्रेस के लिए यह पदयात्रा संजीवनी साबित हो रही है। राजस्थान विधानसभा के अगले चुनाव में एक वर्ष से भी कम समय रह गया है। प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल बना हुआ था। जिसे राहुल गांधी की पदयात्रा ने काफी हद तक कम करने का काम किया है। अब लगने लगा है कि अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनावी मुकाबले में कांग्रेस से कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा।

चार दिसंबर को राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा ने राजस्थान के झालावाड़ जिले से प्रदेश में प्रवेश किया था। झालावाड़ जिला पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का गढ़ रहा है। वहां से राजे व उनके पुत्र दुष्यंत सिंह लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। झालावाड़ से अभी वसुंधरा के पुत्र दुष्यंत सिंह सांसद हैं। जिले की चारों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लंबे समय से कांग्रेस झालावाड़ जिले में प्रभाव जमाने में नाकामयाब रही है। लेकिन राहुल गांधी की पदयात्रा को वसुंधरा राजे के प्रभाव वाले इलाके में जो जनसमर्थन मिला, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले विधानसभा चुनाव में यहां कांग्रेस पहले से अधिक मजबूत होकर उभरेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के रूट को कुछ इस ढंग से बनाया गया था जिससे भाजपा के बड़े नेताओं के प्रभाव वाले क्षेत्रों से होकर पदयात्रा गुजरे ताकि वहां कांग्रेस की जमीन मजबूत हो सके।

राजस्थान में राहुल गांधी की पदयात्रा झालावाड़, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक, दौसा, अलवर जिलों से होकर गुजर रही है। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जहां सीधे आम लोगों से संवाद स्थापित किया। वहीं कई मौकों पर निर्धारित कार्यक्रम से अलग हटकर लोगों से मिलते नजर आए। राहुल गांधी की पदयात्रा के दौरान हजारों की संख्या में लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल होते रहे हैं। राहुल गांधी की पदयात्रा में सबसे अधिक क्रेज युवा वर्ग में देखने को मिला। पूरे रास्ते युवक राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होते रहे। राहुल गांधी ने भी युवाओं के साथ बातचीत करने व सेल्फी लेने में जरा भी कंजूसी नहीं बरती। वह हर जगह लोगों से खुल कर मिलते रहे। कई स्थानों पर तो वह लोगों के साथ बैठकर नुक्कड़ की दुकानों पर चाय पीते नजर आए तो कहीं खेतों में महिलाओं संग चारा काटने लगे। इस पदयात्रा से आमजन में कांग्रेस के प्रति एक सकारात्मक माहौल बना है। जिसका लाभ निश्चय ही आने वाले चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। राहुल गांधी की राजस्थान यात्रा के चलते कांग्रेस में चल रहे आपसी झगड़ों पर भी विराम लगा है। 25 सितंबर की घटना के बाद राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के गुट के नेता एक दूसरे के खिलाफ खुलकर बयानबाजी कर रहे थे जिससे कांग्रेस की छवि लगातार खराब हो रही थी।

# मोहन भागवत की विकास अवधारणा का भारत



भारत दुनिया की एक उभरती हुई सशक्त आर्थिक व्यवस्था है, विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए भारत ने दुनिया को चौंकाया है, अचंभित किया है। भारत की विकास अवधारणा न केवल आर्थिक संवृद्धि से जुड़ी है, अपितु यह एक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक प्रक्रिया है जो लोगों को जीवन की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए अभिप्रेरित करती है और विकास प्रक्रिया में उन्हें सहभागी बनाती है। यह विकास अंततः आत्मनिर्भरता, समानता, न्याय एवं संसाधनों का एकसमान वितरण को बल देती है जो राष्ट्रीयता एवं लोकतंत्र की मजबूती का भी आधार है। भारत के वर्तमान विकास को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत निरंतर जागरूक है एवं अपने विचारों से यह विकास कहीं भटक न जाये, उसके लिये चेताते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने मुम्बई में यह बयान देकर भारत के जन-जन को अभिप्रेरित किया है कि इस देश का विकास अमेरिका या चीन की तर्ज पर नहीं हो सकता बल्कि इसका विकास भारतीय दर्शन और इसकी संस्कृति तथा सकल संसार के बारे में इसके सुस्थापित विचारों के अनुरूप ही किया जा सकता है। देश के विकास की प्राथमिक आवश्यकता है कि गरीब का संबोधन मिटे। गरीबी एवं अमीरी के बीच का दूरियों को समाप्त किया जाये। प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़े। संघ एक समतामूलक संतुलित समाज व्यवस्था का पोषक है। तभी वह गांव का विकास चाहता हैं और तभी ग्राम आधारित अर्थ-व्यवस्था को विकसित होते हुए देखना चाहता है। संघ प्रमुख भागवत ऐसे ही विकास को चाहते हैं और मुंबई में उनके इन्हीं विचारों में ऐसी ही रोशनी प्रकट भी हुई है। उनके विचारों में जहां विवेकानन्द का दर्शन है वहीं गांधीवाद भी समाया है। उनके विचार उन आर्थिक सिद्धान्तों से उपजा है जिनके बारे में राष्ट्रपति महात्मा गांधी जीवनभर समर्पित थे और ग्रामों के विकास को ही भारत के सर्वांगीण विकास का फामूर्ला मानते थे। उनका विकास मन्त्र पाश्चात्य विकास सिद्धान्त से पूरी तरह भिन्न था और वह मानते थे कि गांवों के आत्मनिर्भर होने से भारत में आत्मनिर्भरता आयेगी। इसका मतलब यह कदापि नहीं था कि गांव व ग्रामीण जगत आधुनिक विकास प्रणाली से विमुख रहेगा बल्कि यह था कि औद्योगीकरण का पहिया गांवों से शहरों की तरफ धूमेगा तभी देश का समुचित और सम्यक विकास संभव होगा तथा गरीबी का प्रवाह रुकेगा।

गांवों के विकास को गति देकर ही गरीबी को दूर किया जा सकता है। अब तक की विकास अवधारणा में गरीबी की रेखा का महिमामंडन बहुत हुआ है। गरीबी की रेखा क्या? क्यों है? किसने खींची यह लक्ष्मण रेखा, जिसको कोई पार नहीं कर सकता। जिस पर सामाजिक व्यवस्था चलती है, जिस पर राजनीति चलती है, जिसको भाग्य और कर्म की रेखा मानकर उपदेश चलते हैं। वस्तुतः ये रेखाएं तथाकथित गरीबों ने नहीं खींचीं। आप सोचिए, भला कौन दिखायेगा अपनी जांघ। यह रेखाएं अमेरिकी एवं चीनीवादी सोच ने खींची हैं जो अपनी जांघ ढकी रहने देना चाहते हैं। इस रेखा (दीवार) में खिड़कियां हैं, ईर्ष्या की, दम्भ की। पर दरवाजे नहीं हैं इसके पार जाने के लिए। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में यह रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए ह्वशर्म की रेखाह्ल है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। गांधी ने इसी रेखा को दूर करने का दर्शन दिया और अब भागवत उसी राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

भारत की वर्तमान विकास प्रक्रिया में अनेक चिन्तन के बिन्दू है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे-बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा? अगर तटस्थ दृष्टि से बिना रंगीन चश्मा लगाए देखें तो हम सब गरीब हैं। गरीब, यानि जो होना चाहिए, वह नहीं हैं। जो प्राप्त करना चाहिए, वह प्राप्त नहीं है। चाहे हम अज्ञानी हैं, चाहे भयभीत हैं, चाहे लालची हैं, चाहे निराश हैं। हर दृष्टि से हम गरीब हैं। जैसे भय केवल मृत्यु में ही नहीं, जीवन में भी है। ठीक उसी प्रकार भय केवल गरीबी में ही नहीं, अमीरी में भी है। यह भय है आतंक मचाने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से जहां है वहां से नीचे उतर जाने का, प्रियजनों की सुरक्षा का। जब चारों तरफ अच्छे की उम्मीद नजर नहीं आती, तब मनुष्य नैतिकता की ओर मुड़ता है। यह वह सशक्त मोड़ है जो शर्म की रेखा को तोड़ने के लिए यत्न करता है। शर्मी और बेशर्मी दोनों मिटें। गरीबी का संबोधन मिटे। तब हम सूर्योदय के नजदीक होंगे। ऐसा सूर्योदय न तो चीन का अनुसरण करने से आयेगा और अमेरिका का। यह भारतीय दर्शन को, यहां की संस्कृति को मजबूती देकर ही आ सकेगा।

भागवत भारतीय संस्कृति के प्रवक्ता है, भाष्यकार है, वे जितने दार्शनिक है, उतने ही व्यावहारिक भी है। सांस्कृतिक उत्थान के साथ वे स्वस्थ समाज निर्माण के सूत्रधार भी हैं। वे ऐसे धार्मिक है जिनका प्राथमिक धर्म राष्ट्रीयता है। तभी श्री भागवत ने कहा कि जो धर्म मनुष्य को सुविधा सम्पन्न और सुखासीन बनाता है मगर प्रकृति को नष्ट करता है, वह धर्म नहीं है। यहां धर्म का अर्थ मजहब नहीं बल्कि कर्त्तव्य या इंसानियत है। उपभोग एवं सुविधावादी धर्म की जड़ ह्वपाश्चात्य की उपभोगह्ल संस्कृति में बसी हुई है। जबकि भारत की मान्यता ह्वउपयोगह्ल की रही है, त्याग की रही है। इस बारे में भी महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत में प्रत्येक रईस या सम्पन्न व्यक्ति को अपने उपभोग की अधिकतम सीमा तय करनी चाहिए और शेष सम्पत्ति को समाज के उत्थान मूलक कार्यों में लगाना चाहिए। वास्तव में यही गांधी का ह्वअहिंसक समाजवादह्ल था और ऐसा ही उनका ट्रस्टीशिप का सिद्धान्त था। इसी समाजवाद की स्थापना संघ का ध्येय है।

प्रकृति का विनाश करके विकास खोजने वाले राष्ट्र भारत के आदर्श नहीं हो सकते। कोरोना जैसी महाव्याधियों को पैदा करने वालों को हम आदर्श मान भी नहीं सकते। क्योंकि कोरोना महामारी प्रकृति की उपेक्षा का ही परिणाम है। चीन व अमेरिका जैसे देशों में प्रकृति को बेजान मानते हुए उसकी कीमत पर किये गये विकास को उपलब्धि मान लिया गया है। चीन में तो विकास का पैमाना अमेरिका से भी और ज्यादा विद्रूप एवं त्रासद है क्योंकि इस देश की ह्वकम्युनिस्ट पूंजीवादीह्ल सरकार ने मनुष्य को ही ह्वमशीनह्ल में तब्दील कर डाला है जिसकी वजह से मनुष्य की संवेदनाएं भी मशीनी हो गई हैं। भारतीय संस्कृति में भौतिक सुख का अर्थ यह कदापि नहीं बताया गया कि व्यक्ति पूर्णतः स्वार्थी होकर समाज, संस्कृति और दैवीय उपकारों की उपेक्षा करने लगे बल्कि यहां ह्वदरिद्र नारायणह्ल की सेवा को ईश्वर भक्ति का साधन माना गया। जब हम प्रकृति के संरक्षण की बात करते हैं तो इसमें सम्पत्ति के समुचित बंटवारे का भाव भी समाहित रहता है क्योंकि भारत में प्राकृतिक सम्पदा पर आश्रित रहने वाला पूरा समाज अपने आर्थिक विकास के लिए इसी पर निर्भर रहता है। बड़े कल कारखाने निश्चित रूप से विकास की आवश्यक शर्त होते हैं और भौतिक सुख-सुविधा प्राप्त करने का अधिकार भी बदलते समय के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति का होता है परन्तु यह दूसरे व्यक्ति को उजाड़ कर पूरा नहीं किया जा सकता।

संघ एवं संघ प्रमुख ने समय-समय पर सरकार को ह्वभारतीय मूल्यों के प्रकाश मेंह्ल विकास की अवधारणा देने के लिए प्रोत्साहित किया था। अब संघ के मौजूदा आर्थिक दर्शन एवं विकास की अवधारणा को भारतीय विशेषताओं के साथ लोकप्रियता के रूप में अच्छी तरह से समझा जा सकता है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में अप्रैल, 2018 में मुंबई के आभिजात्य व्यवसायी वर्ग को संबोधित करते हुए भागवत ने संघ के आर्थिक दर्शन की स्पष्ट घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि संघ किसी आर्थिक वाद से जुड़ा नहीं है और आर्थिक नीति की जांच करने के लिए कसौटी यह होनी चाहिए कि इसका लाभ गरीबों तक पहुंचेगा या नहीं। स्पष्ट है कि संघ भारत का विकास मूल्यों एवं नैतिक अवधारणाओं पर होते हुए देखना चाहता है। जीवित रहना जीवन का लक्ष्य नहीं है। सिर्फ खाना और आबादी बढ़ाना ही वह काम है, जो जानवर भी करते हैं। शक्तिशाली ही जीवित रहेगा, यह जंगल का कानून है। योग्यतम की उत्तरजीविता ही जंगल पर लागू होने वाला सत्य है जबकि दूसरों की रक्षा करना ही मनुष्य की निशानी है।

# खरगे ने तो कह दिया, 'कुत्ते बुरा मान गए तो..'

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर दिल्ली में हंगामा हुआ। पूरे चौबीस घंटे बाद प्रतिक्रिया आई या यूं कहें बयान समझने अथवा रिएक्ट करने में भाजपा ने चौबीस घंटे लगा दिए। हो सकता है इन चौबीस घंटों में वे कोई ऐसा नाम तलाशने में लगे रहे हों जिसे वे अपना कहकर गिना सकें लेकिन खरगे सही साबित हुए किसी कुत्ते का भी जिक्र नहीं हुआ.....अच्छा भी नहीं लगता। अलबत्ता, कुत्तों को कैसा लगा होगा...यह कहना मुश्किल है। हो सकता है वे नाराज हों कि बिना उनके कुछ किए....राजनीति में घसीट लिया जाता है। कभी कार में सैर करने निकलें तो मिडिल क्लास की किरकिरी बन जाते हैं। कभी करोड़पति होने के चर्चे हों तो इनकम टैक्स वाले सजग हो जाते हैं.....संभव है कुत्तों को बुरा भी लगा हो..। किस्सा है लेकिन सच्चा है...हुआ यूं कि हम एक लीडिंग अखबार में काम करते थे। डाक डेस्क पर साथी दौसा का एडीशन देखा करते थे। एक बार दौसा के रिपोर्टर ने कुत्तों को लेकर खबर भेजी....लिखा कि शहर में आवारा कुत्तों से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। कुत्ते गाड़ियों के पीछे भागते हैं....काटने दौड़ते हैं....जैसा की आए दिन ऐसी खबरें छपती हैं...कुछ-कुछ बिल्कुल वैसी है। संयोगवश उस दिन दौसा एडीशन के लिए कोई बड़ी खबर नहीं थी तो साथी ने पूछा, क्या कुत्तों की खबर को डवलप कर लीड बनाया जा सकता है....मन तो नहीं था लेकिन विकल्प भी नहीं था लिहाजा कह दिया....यदि कोई इससे अच्छी खबर नहीं है तो इसे लीड ले लो...। साथी ने कुत्तों की खबर को कुछ फाईल फोटो के साथ लगा दिया। रात काम पूरा कर सब घर चले गए लेकिन अगले दिन साथी नहीं आया। पता करने पर जानकारी मिली की वे दफ्तर जाने के लिए घर से निकल ही रहे थे कि एक कुत्ते ने काट



लिया...चौदह इंजेक्शन लगेंगे, अस्पताल गए हैं। एक बार को ख्याल आया कि कहीं यह खबर का असर तो नहीं...। कहीं दौसा के कुत्तों ने जयपुर के कुत्तों को कहा हो कि जरा पता करो किसने हमारे खिलाफ यह खबर लगाई है। और पता चलने पर दंड बतौर किसी कुत्ते ने साथी पत्रकार को काट लिया हो...जो भी हो तर्क तार्किक नहीं था और ना ही मान्य तो हम भी भाजपा की तरह चुप्पी साध गए। कुछ दिनों बाद दुरूस्त होते ही साथी आफिस लौट आए.....सब सामान्य था। इसी बीच सवाईमाधोपुर से किसी संवाददाता ने शहरियों के बंदरों से परेशान होने की खबर भिजवाई। बता दें कि दौसा एडिशन ही सवाईमाधोपुर भी जाता था लिहाजा उसमें सवाईमाधोपुर के समाचार भी लगते थे।...तो साथी फिर चर्चा करने आए, पिछले अनुभव का दर्द चेहरे पर साफ झलक रहा था। खैर..चर्चा की और जनहित में खबर को अच्छे से लगाना तय हुआ और खबर छप गई। अगले दिन फिर ये साथी नदारद...जब बहुत देर तक कार्यालय नहीं पहुंचे और कोई सूचना नहीं आई तो पता किया। मालूम हुआ कि इनकी पत्नी को बंदर ने काट खाया है। सुनते ही एक पल को झटका लगा...साथ ही हंसी भी आई...। डेस्क के साथी बोले, सर हो सकता है इस बार सवाईमाधोपुर के बंदरों ने मोर्चा संभाला हो....पता किया होगा कि किसने खिलाफ खबर लगाई है और जानकारी होते ही काटने दौड़े हों....जब ये ना मिले तो पत्नी को काट डाला हो....। बात समझ से परे थी किंतु गले के बीच अटकी थी...यह कैसा संयोग कुत्तों की खबर छपती है तो कुत्ते काट लेते हैं और बंदरों का समाचार प्रकाशित होता है तो बंदर काट लेते हैं...आखिर माजरा क्या है? आज तक यह पहेली अनसुलझी है। साथी हमारे मातहत जरूर थे लेकिन उम्रदराज थे...तो वे रिटायर हो चुके हैं लेकिन इन घटनाओं की चर्चा आज भी होती है जब भी कोई ऐसी खबर डाक एडीशन में देहात से आती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जब कुत्ते का जिक्र किया तो पुरानी कहानी फिर याद आ गई। हालांकि ऐसा संयोग खरगे के साथ भी हो जरूरी नहीं....वैसे भी वे सुरक्षा पहरे में चलते हैं लिहाजा मौका बने भी तो कहीं का कुत्ता उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह अलग बात है कि वे किसी मित्र के घर जाएं और वहां पहले से ही मैसेज पाया कुत्ता तैयार बैठा हो और मौका देख काट ले तो अलग बात है, अन्यथा तो कोई चांस नहीं बनता। अलबत्ता यह बात आज तक रहस्य बनी हुई है कि क्या वाकई खबर का छपना और फिर अगले दिन कुत्ते-बंदरों का काटना महज संयोग था या फिर सबक सिखाने की कोशिश....। जो भी है....है बड़ी रोचक, आज भी जब कोई ऐसी घड़ी आती है तो वह पल याद आ जाता है। तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपाईयों को लपेटते हुए कुत्ते का जिक्र किया तो बरसों पुराना वाक्या यूं ताजा हो गया मानों कल ही बात हो....। वैसे खरगे को कुत्तों से सावधान रहना चाहिए....क्योंकि कुत्ते तो कुत्ते हैं, काटना इनकी आदत है....ना जाने कब मौका मिलते ही काट खाएं...!

# युग परिवर्तन की युवा धड़कन ...



किसी भी बदलाव या क्रांति के वाहक युवा ही होते है। इतिहास के झरोखे में देखें तो जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है, उसका मुख्य आधार युवा सोच ही रहा है। युवा शक्ति देश और समाज की रीढ़ होती है और वह भूतकाल और भविष्य का सेतु होकर वर्तमान होता है। युवा किसी भी देश या समाज को नये शिखर पर ले जाने की क्षमता रखते है। भारत प्राचीन काल से ही युवा सोच एवं युवा जोश की पुण्य भूमि रहा है। युवा शब्द अथाह शक्ति, साहस, ऊर्जा एवं ज्ञान का पर्याय होता है। युवा देश की सबसे बड़ी ताकत होता है जिसे सही दिशा में ले जाना प्रत्येक देशवासी का ध्येय होना चाहिए।

आदि गुरू शंकराचार्य, गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी, स्वामी दयानंद सरस्वती, राजाराम मोहनराय, स्वामी विवेकानंद आदि युवा विचारक ही थे जिन्होने युवावस्था में ही धर्म एवं समाज सुधार का बीड़ा उठाया था। स्वतंत्रता संग्राम में भी युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था और रानी लक्ष्मीबाई, भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाशचन्द्र बोस, मंगल पाण्डे, रामप्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस जैसे युवा क्रांतिकारियों ने आजादी की अलख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत में हरित क्रांति से लेकर संचार व परमाणु क्रांति तक में युवा कंधों ने अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन किया है। आज के लोकतंत्र की मजबूती में भी युवा महत्वपूर्ण भूमिका में है।

वर्तमान भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और यही कारण है कि आज पूरी दुनिया उम्मीद भरी नजरों से भारत को देख रहा है। वर्तमान में भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या की औसत आयु 35 वर्ष तक की है। पूर्व राष्ट्रपति व मिसाईल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भी कहा था कि भारत के पास युवा संसाधन के रूप में अपार संपदा है। यदि इस वर्ग को सशक्त बनाया जाए तो जल्द ही हम महाशक्ति बनने का लक्ष्य अर्जित कर सकते है।

आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाल जैसे नकारात्मक तत्व भी युवाओं की शक्ति को पहचानते है और इसलिए उन्हे ही अपना माध्यम बनाते है। नशाखोरी का ताना बाना भी युवाओं के इर्द गिर्द ही बुना जाता है।

एक समय था जब लोकतंत्र में बुजुर्गो यानि अनुभव की ओर देखा जाता था लेकिन अब समय ने पलटी खाई है और सदी के बदलने के साथ ही लोकतंत्र ने अपना मिजाज भी बदल दिया है। आज लोकतंत्र युवाओं यानि नये नये परिक्षणों की ओर देख रहा है। लोकतंत्र में पहले कभी युवाओं की भागीदारी को गंभीरता से नही लिया गया लेकिन 2013 के राजस्थान चुनाव और 2014 के लोकसभा चुनाव युवाओं की भागीदारी के लिहाज से अप्रत्याषित चुनाव रहे। आज स्थिति यह है कि भारतीय लोकतंत्र में सभी पार्टियां युवाओं की ओर आशातीत नजरों से देख रही है।

भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व बुजुर्ग के पास है लेकिन वह युवाओं को तरजीह देती है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी आज भी पुराने चेहरों पर वो विश्वास व्यक्त करती है और यही कारण है कि कांग्रेस के वोट बैंक में निरन्तर गिरावट आ रही है। प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी ने हाल ही में सम्पन्न गुजरात चुनाव में पूरे देश के सामने एक नया मॉडल पेश किया है। गुजरात चुनाव में भाजपा ने पुराने चेहरों के टिकिट काटकर नये चेहरों खासकर युवाओं को मौका दिया और नतीजा यह निकला कि गुजरात चुनाव में भाजपा ने रेकार्ड तोड़ ऐतिहासिक विजय हासिल की।

## दुग्ध उत्पादक संघ किसानों तक तकनीक पहुंचाने के लिए आगे बढ़ाये कदम

# खनिज संपदा के सम्बंध में जनवरी अंत तक तैयार होगी सभी जिलो की डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट

जयपुर। राज्य में खनिज संपदा की संभावना, उपलब्धता, मांग व आपूर्ति के लिए सभी जिलों में सर्वे कराया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी जिलों की खनिज संपदा की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट तैयार करवाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला स्तरीय डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट तैयार होने पर संबंधित जिलों के जिला कलेक्टरों को प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनसाधारण की जानकारी व प्रतिक्रिया के लिए यह रिपोर्ट 21 दिन के लिए वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन पर भी प्रदर्शित की जाएगी। इसके बाद जिला कलक्टर की अनुशंषा के बाद स्टेट एनवायरमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट ऑथोरिटी द्वारा स्टेट लेबल एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी से परीक्षण के बाद अनुमोदिन की जा सकेगी। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कुछ जिलों में डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट तैयार करने का कार्य आरंभ हो चुका हैं वहीं सभी जिलों की जिलावार रिपोर्ट जनवरी तक तैयार कर संबंधित जिला कलक्टरों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस रिपोर्ट में जिले में उपलब्ध समस्त संभावित खनिज संपदा, उपलब्धता व खनिजों के भण्डार का आकलन किया जा सकेगा, वहीं संबंधित खनिज की मांग व आपूर्ति की संभावनाओं का भी आकलन होगा। उन्होंने बताया कि जिलावार डीएसआर बनाने से वर्तमान में जारी खनन गतिविधियों के साथ ही भविष्य की खनन संभावनाओं का भी पता लगाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे खनन खोज व खनन कार्य को गति मिलेगी, वहीं पर्यावरणीय संतुलन को भी ध्यान में रखा जा सकेगा। इस अवसर पर निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि राज्य में डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू हो चुका है। सभी जिलों की रिपोर्ट जनवरी तक तैयार करवाई जा रही है। नायक ने बताया कि टोंक, भीलवाड़ा, अजमेर, चित्तौडगढ़, राजसमंद आदि जिलों की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट लगभग तैयार हो गई हैं वहीं अन्य जिलों में भी कार्य आरंभ हो गया है। इस सम्बंध में बताया कि माइंस विभाग स्तर पर डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट तैयार करवाने व मॉनिटरिंग के लिए अतिरिक्त निदेशक बीएस सोढ़ा को नोडल अधिकारी बनाया गया है।



## अनियंत्रित ई रिक्शा पलटा, बाल बाल बचा चालक

**मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



डीह थाना क्षेत्र के ग्राम मझिलहा बाजार से करीब 100 मीटर की दूरी पर दिनांक 20 दिसंबर दिन मंगलवार को करीब शाम 6 बजे एक ई रिक्शा बाजार से गुजर कर फुर्सतगंज रोड की तरफ जा रहा था तभी बाजार से करीब 100 मीटर की दूरी पर ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने जैसे ही ई रिक्शा पलटा देखा दौड़कर ई रिक्शा चालक को उठाया और चालक को बाहर निकाला ई रिक्शा पलटने से चालक बाल बाल बच गया वहीं चालक को कुछ मामूली चोटें आईं हैं

## नॉन टीएसपी शिक्षकों द्वारा ध्यानाकर्षण करने हेतु ब्लॉक एवं जिला कलेक्टर सहित एक साथ ज्ञापन सौंपा

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**



कुशलगढः आज नॉन टीएसपी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार नॉन टीएसपी शिक्षकों द्वारा ध्यानाकर्षण करने हेतु ब्लॉक एवं जिला कलेक्टर सहित एक साथ ज्ञापन प्रस्तुत किए गए। जिसमें मुख्यमंत्री महोदय, राज्यपाल महोदय एवं संभागीय आयुक्त को बार बार अवगत कराया कि नॉन टीएसपी कार्मिक जो टीएसपी क्षेत्र में 15 से 20 वर्षों से सेवा दे रहे हैं उनको गृह क्षेत्र में भेजकर यहां के बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिले और याद दिलाया कि उपचुनावो में और कुशलगढ़ सभाओं में नॉन टीएसपी कार्मिकों को गृह जिलो में भेजने की घोषणा की थी लेकिन वह घोषणा अभी तक पूरी नहीं हुई है जिससे टीएसपी क्षेत्र में रीट भर्ती 2022 के पद बहुत कम आए हैं। कमलेश चौधरी ने बताया कि अगर सरकार नॉन टीएसपी कार्मिकों को उनके गृह क्षेत्र में भेजकर रिक्त पदों पर रिट भर्ती 2022 में जोड़कर अगर संशोधित विज्ञप्ति जारी करें। जिससे नॉन टीएसपी कार्मिकों को अपने गृह क्षेत्र में जाने के अवसर मिलेंगे और यहां के बेरोजगारो को नौकरी के अवसर मिलेंगे। ज्ञापन देने में जयपाल बिश्नोई वीरेंद्र पूनिया , राजकुमार,जितेंद्र विशु ,बलवंत सिंह , रामकरण मेघवाल,महेश जाट ,श्री राम सुथार ,सांवरमल गुर्जर ,राम निवास हुड्डा ,सुरजा राम, पवन शर्मा ,शिवराज चौधरी आदि उपस्थित थे।

## जयपुर डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसियेशन के आम चुनाव का आया नतीजा

**मरूधर विशेष/महावीर सिंह साँचोरा**





जयपुर चुनाव अधिकारी हीराशंकर उपाध्याय व नरेंद्र सिंह ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसियेशन के आम चुनाव दिनांक 19.12 2022 को जिसकी मतगणना दिनांक 20.12.2017 को हुई। अध्यक्ष पद पर विवेक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बनवारी लाल शर्मा उपाध्यक्ष पद पर सुमित्रा कुमावत, महासचिव पद पर गजराज सिंह राजावत संयुक्त पद पर मुकेश शेरावत कोषाद्यक्ष पद पर बीना शर्मा उपकोषाद्यक्ष पद पर कार्तिकय शर्मा संगठन सचिव पद पर अशोक कुमार शर्मा सांस्कृतिक सचिव पर आरती वर्मा (निविरोध), लाइब्रेरी सचिव पद पर जितेन्द्र सिंह शेखावत डिप्टी लाइब्रेरी पद पर राजलक्ष्मी शर्मा (निविरोध), विजयी हुये।वरिष्ठ अधिवक्ता विमलेश पूनिया ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्य 12 पदों पर विनोद सिंह पंवार, अर्जुन सिंह बाजिया, नन्दकिशोर कुमावत, मुकेश कुमार शर्मा. दिनेश शर्मा घनश्याम शर्मा, अनिता कश्यप, गजेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार पारीक, गोपाल लाल शर्मा, सीताराम कुमावत, मुकेश कुमार शर्मा विजयी हुये।चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने सभी अधिवक्ता बधुओं की सफल चुनाव से सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विधायक की उपस्थिति में दो समाज के बीच चल रहे दो दिन से विवाद का हुआ निपटारा

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**



मुंडावर।उपखण्ड छेत्र के बीजवाड चौहान गांव में दो समाजो राजपूत ओर माली समाज के बीच 2 दिन से चल रहे विवाद का निपटारा मुंडावर विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी ने दोनों समाजो में मध्यस्था करवाकर दोनों समाजो का पक्ष सुना और फिर विवाद का निपटारा विधायक की उपस्थिति में हुआ विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी ने बताया कि ये विवाद दोनों समाजो की सूझबूझ से ही सुलझ पाया है विधायक ने दोनों समाजो का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया दोनों समाज के लोगो ने व ग्रामवासियो ने समाज के अन्दर अच्छा संदेश दिया है इस विवाद को निपटाकर दो समाज को आपस में टकराने से बचाया वह अनहोनी घटना को टाला गया। मामला जमीन विवाद का था जो कि लंबे समय से दोनों समाजो के बीच चल रहा है लेकिन अब 1 दिन पहले राजपूत समाज के किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और वह जहाँ दाहसंस्कार करते आये है वहाँ दाहसंस्कार करना चाहते है लेकिन माली समाज उन्हें दाहसंस्कार नही करने दे रहे थे उस विवाद को आज मुंडावर विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी ने पहुंचकर दोनों समाजो की बात सुनी व दोनों समाजो में मध्यस्था करवाकर विवाद को सुलझा दिया दाह संस्कार करवाया।इस मौके पर दोनों समाजो के गणमान्य लोग मुंडावर प्रधान प्रतिनिधि महेश गुप्ता, मुंडावर,कोटकासिम,बानसूर के उपखण्ड अधिकारी व पुलिस के आला अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भारत जोड़ो यात्रा में अलवर शहर में राहुल की पदयात्रा मे पहुँचे

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से शांति एकता और भाईचारे का संदेश देने के लिए निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा के मंगलवार को अलवर शहर के पद यात्रा में सोडावास इलाके से कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेश कीमत राय शर्मा ने सोडावास मे कार्यकताओं को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया । कांग्रेस नेता योगेश कीमत राय शर्मा ने कहा कि भाजपा हमेशा भाई को भाई से लड़ाने की विचारधारा में विश्वास रखती है । केंद्र की सरकार देश में नफरत फैलाकर संप्रदायिक , ध्रुवीकरण कर सत्ता में आई है । लेकिन कांग्रेस कार्यकताओं को शांति एकता और भाईचारे के नारे को ध्यान में रखते हुए आपसी सद्भावना व सोहार्द से नफरत के माहौल का जबाब देना है । इस मौके काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पद यात्रा मे पहुंचे ।

## लोंगेवाला के नायक भैरोसिंह राठौड़ को पुष्पाजंली अर्पित की



मरुधर विशेषफलोदी। भारत-पाक के बीच वर्ष 1971 में हुये युद्ध में जैसलमेर जिले में लोंगेवाला पोस्ट पर अदम्य साहस एवं अटूट वीरता का प्रदर्शन करने वाले सेना मेडल विजेता सोलंकियातला निवासी भैरोसिंह राठौड़ के निधन पर मंगलवार को अम्बेडकर सर्किल के पास स्थित डॉ. अम्बेडकर सामुदायिक लाइब्रेरी फलोदी में विधार्थियों ने भैरोंसिंह राठौड़ की तस्वीर पर पुष्पाजंली अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर चंदन कुमार मेघवाल, पूर्व पार्षद संतोष कुमार लखन, लाइब्रेरी इंचार्ज श्रवण कुमार, गिरधारी छीला, तिलोक गोदारा, सवाईसिंह, सुनील कुमार, राजेंद्र, हितेंद्र, आसुराम, डेनी कुमार, घनश्याम, कमलकिशोर, मुकेश, खींवराज, लक्ष्मण, चंदाराम, चुतराराम, जसराज, नरेश कुमार, दानाराम, कैलाश कुमार, निम्बाराम, राहुल कुमार, श्रवण कड़ेला, कानाराम बिरठ एवं सुरजाराम आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा लोंगेवाला पोस्ट पर भैरोसिंह राठौड़ ने जिस वीरता एवं साहस का परिचय दिया वो सभी देशवासियों के लिये अनुकरणीय है। आपने विधार्थियों ने सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों में कैरियर बनाकर देश सेवा का आह्वान किया।

# अरांई पुलिस ने शान्ति भंग में 36 को किया गिरफ्तार

### पांच मामलों में अरांई के इतिहास में पहली बार 151 के तहत की पुलिस ने एक ही दिन मे बडी कार्यवाही

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अरांई,पुलिस थाना अरांई ने सोमवार को पांच मामलों में 36 लोगों को एक साथ शान्ति भंग के मामले में गिरफ्तार कर अपराधियों में भय का संदेश दिया। थाना प्रभारी गुमान सिंह निवार्ण ने बताया कि अरांई में गत दो दिनों से दादिया चोराहे पर बागरिया समाज सामाजिक पंचायत की बैठक चल रही थी। जिसमें जयपुर, टोंक एवं अजमेर जिले के बागरिया समाज के दो दर्जन से ज्यादा महिला पुरूष मोजूद थे। बैठक के दौरान आपसी समझाइश करते विवाद ने उग्र झगड़े का रूप ले लिया।दो दिवस पूर्व से चल रही थी बहस। बागरिया समाज में समझोता होने के बजाय विवाद ज्यादा हो गया। जिससे कई पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया जिससे दादिया चोराहे क्षेत्र का माहौल खराब हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही अरांई पुलिस मय जाप्ते के मोके पर पंहुची। पुलिस ने जानकारी करी तो (समाज में चली आ रही सामाजिक बुराई नाता प्रथा रिवाज )उक्त महिला के नाते गोते को लेकर बैठक चल रही थी। जिसमें कई पक्ष एवं विपक्ष मोजूद थे। बागरिया समाज के लोगों ने आपसी मतभेद के चलते समझोता नहीं होने कि स्थिति में वाद विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस जाप्ता मोके पर पहुचने के बाद अरांई पुलिस ने मोके पर बागरिया समाज के लोगो के बीच समझाइस करने का प्रयास किया परन्तु झगडा ज्यादा बढ गया। तब अरांई पुलिस तुरन्त कार्यवाही करते हुए छः महिलाओं सहित 26 लोगों को शान्ति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को इनते आदमियों को गिरफ्तार करने के लिए एक बस बुलानी पड़ी जिसमें बैठा कर सबको थाने लाया गया। चार अन्य मामलों में दस गिरफ्तार- अरांई थाना प्रभारी ने बताया कि डांग निवासी हजारी बैरवा एवं हनुमान बलाई को एक बाड़े के विवाद में समझाइस के दोरान झगडा करने पर शान्ति भंग में गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार अरांई निवासी मनीष तेली एवं महेश बोहरा को बस स्टेण्ड पर झगडा करने पर एवं ढसूक निवासी सुरेश खटीक, रामजीलाल, जगदीश, चम्पालाल को रास्ते के विवाद के दौरान झगडा करने पर गिरफ्तार किया गया। भामोलाव निवासी पिता-पुत्र सीताराम, गोपाल दरोगा को आपस में झगड़ा करते हुए शान्ति भंग में गिरफ्तार किया।पुलिस थाना प्रभारी ने धारा 151 के तहत शांति भंग के आरोपियों को गिरफ्तार कर उपखण्ड अधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

# दो दिवसीय सरपंच ग्राम विकास अधिकारी का प्रशिक्षण का समापन

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अरांई,पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राजस्थान सरकार (पंचायतीराज) द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारियों का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 19-20 दिसम्बर 2022 पंचायत समिति सभा भवन अरांई में दो दिवसीय राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत ब्लॉक स्तरीय सरपंच व ग्राम विकास अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ।मुख्यकार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अजमेर के आदेशानुसार स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन के संबंध में पंचायत समिति क्षेत्र के समस्त ग्राम विकास अधिकारियों, कनिष्ठ सहायकों, ग्राम रोजगार सहायको का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। प्रशिक्षण की शुरूआत में विकास अधिकारी पुरूषोत्तम पारीक ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस 24 अप्रेल 2020 के अवसर पर सरकार द्वारा स्वामित्व योजना आरम्भ की गई। सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थ व्यवस्था और समाज पर दूरगामी प्रभाव को देखते हुए इस योजना का क्रियान्वयन पंचायतीराज विभाग व राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयासो से किया जा रहा है। दक्ष प्रशिक्षक नन्दकिशोर कुमावत सहायक विकास अधिकारी, पंचायत समिति श्रीनगर ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत गांवों के आबादी क्षेत्रों का डिजीटल मानचित्र तैयार किये जाकर भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों को सौपें जायेगे। गांवों की आबादी क्षेत्रों का सर्वेक्षण कार्य और मानचित्रण कार्य पूरा होने पर ग्राम पंचायतों के द्वारा राजस्थान पंचायतीराज नियम, 1996 के प्रावधानों के तहत संबंधित व्यक्ति को पटटा दिया जावेगा। स्वामित्व योजना के तहत भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रत्येक राजस्व ग्राम की आबादी भूमि का मानचित्र ड्रोन के जरिये फोटोग्राफी तैयार किया जावेगां। फोटोग्राफी के उपरान्त भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त मैप 1.0 में इमेजों अनुसार प्रत्येक भूखण्ड एवं निर्मित भवन का सर्वे- ग्राम स्तरीय सर्वे समिति-ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ट सहायक, ग्राम रोजगार सहायक, संबंधित राजस्व ग्राम के वार्ड पंचों की समिति द्वारा किया जावेगा। सर्वे समिति द्वारा उस सम्पत्ति के मालिक का नाम, पिता का नाम, आधार कार्ड संख्या, मोबाईल नम्बर, उस भूखण्ड की दिशाओं की स्थिति, क्षेत्रफल इत्यादि की जानकारी संकलित की जावेगी। सर्वे समिति द्वारा सर्वेक्षण कार्य कर, ग्रामीणों की आपत्तियों का निस्तारण पंचायत कोरम, विशेष ग्राम सभा में निस्तारण कर भारतीय सर्वेक्षण विभाग को फाईनलाईज मैप हेतु भेजा जावेगा। फाईनलाईज मैप को एवं सूचियों को ग्राम पंचायत मे आज जन के अवलोकनार्थ रखा जावेगा। इसके आधार पर संबंधित लाभार्थियों को राजस्थान पंचायतीराज नियम- 1996 के अनुसार पटटा रजिस्ट्री करवा कर दी जावेगी।

संजय तोषनीवाल सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति अराई ने बताया कि स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन हेतु ड्रोन सर्वे का रोस्टर जारी कर दिया गया है। सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, क.सहायक, ग्राम रोजगार सहायक अपने स्थानीय जन प्रतिनिधियो से समन्वय बनाते हुए राजस्व विभाग के पटवारियों का सहयोग लेते हुए कार्य करेंगे।

दौलत सिंह राठौड सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत की हिस्सा पूर्ण पंचायत की भूमियों जिनकी किस्म गै.मु. हरडी, गै.मु.छापर,बारानी-3, बंजर-2 इत्यादि राजस्व जमाबन्दी में दर्ज है, जिन पर आबादी बसावट है, उन्हे ड्रोन सर्वे में लेना है। ऐसी समस्त भूमियां, जो आबादी भूमि के नाम दर्ज है, जिन पर मौके पर आबादी बसी हुई है व राजस्व जमाबन्दी में खातेदार श्री सरकार दर्ज है, जमाबन्दी के खाता संख्या 01 में दर्ज है या बिलानाम है, ऐसी भूमियों को आबादी प्रयोजनार्थ ग्राम पंचायत के नाम करवा कर ड्रोन सर्वे करवाना है। ऐसी समस्त भूमियां, जो आबादी भूमि के नाम दर्ज है, जिन पर मौके पर आबादी बसी हुई है व राजस्व जमाबन्दी में आबादी विकास प्रयोजनार्थ दर्ज है। ग्राम पंचायत के नाम करवा कर ड्रोन सर्वे करवाना है। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत समिति क्षेत्र के समस्त ग्राम विकास अधिकारी, क.सहायक, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# एबीवीपी ईकाई कुशलगढ़ द्वारा टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत 2500 शिक्षक कार्मिकों का उनके गृह जिलों नॉन टीएसपी क्षेत्र में समायोजन करने ज्ञापन दिया

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**



कुशलगढः आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई कुशलगढ़ द्वारा जिला सहसंयोजक कान्तिलाल गरासिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम उपखंड अधिकारी उपखंड कार्यालय कुशलगढ़ के द्वारा टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत 2500 शिक्षक कार्मिकों का उनके गृह जिलों नॉन टीएसपी क्षेत्र में समायोजन कर वर्तमान में जारी शिक्षक भर्ती 2022 टीएसपी क्षेत्र में नॉन टीएसपी के शिक्षक कर्मियों के पद रिक्त मानकर संशोधित विज्ञप्ति जारी कर टीएसपी क्षेत्र में पद बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिला सह संयोजक कान्तिलाल गरासिया ने बताया है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर के द्वारा दिनांक 14/12/2022 को जारी शिक्षक भर्ती की संक्षिप्त विज्ञप्ति में लेवल प्रथम में कुल पद 21000 टीएसपी क्षेत्र के लिए सामान्य शिक्षा के 1570 एवं विशेष शिक्षा के 238 पद के लिए विज्ञप्ति जारी की जो की अपर्याप्त एवं बेरोजगारों के साथ धोखा है लेवल की 27000 में से 4210 पद की विज्ञप्ति जारी की जो कि क्षेत्र के लिए आरक्षण एवं अनुपातिक दृष्टि से बहुत कम है जिनको 2014 में जारी अधिसूचना के अनुसार टीएसपी क्षेत्र के समस्त पद स्थानीय बेरोजगारों से भरा जाना है वर्ष 2014 से लेकर आज तक अनेक शिक्षक भर्तियां शिक्षा विभाग में हो चुकी हैं जिसकी संख्या 14000 है लेकिन आज दिनांक तक टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत शिक्षा विभाग की 2500 कार्मिकों का समायोजन नॉन टीएसपी उनके गृह जिलों में नहीं किया गया है और ना ही उनके पूर्व में की गई भर्तियों में और ना ही वर्तमान में जारी विज्ञप्ति में उनके पदों को अधिकतम मानते हुए भर्ती की गई जबकि 2014 की अधिसूचना में स्पष्ट उल्लेख है की स्थानीय लोगों को अधिकतम प्रतिनिधित्व देते हुए नॉन टीएसपी के कार्मिक शिक्षकों के विकल्प पत्रों के आधार पर उनके ग्रह जिले नॉन टीएसपी क्षेत्र में समायोजन कर स्थानीय बेरोजगारों को मौका दिया जाने का प्रावधान है अगर समय रहते सरकार द्वारा टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी के 2500 शिक्षक कार्मिकों को उनके गृह जिले नॉन टीएसपी क्षेत्र में जल्द से जल्द स्थानांतरण नहीं किया जाता है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई कुशलगढ़ उग्र आंदोलन करेगा ज्ञापन देने वालों में तहसील सह संयोजक प्रकाश मईडा मामा बालेश्वर दयाल राजकीय पीजी कॉलेज कुशलगढ़ छात्र संघ उपाध्यक्ष सुषमा राणा छात्र नेता अश्विन डामोर, नरेश गरासिया पिंटेश देवदा, गोपाल देवदा, धर्मेंद्र वसुनिया, लता कुमारी मिनाक्षी डामोर उपस्थित थे।।

# एलआईसी ने पंद्रह मिनट में दावा भुगतान किया




मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर आदर्श नगर क्षेत्र में स्थित भारतीय जीवन बीमा शाखा फलोदी द्वारा मंगलवार को शाखा परिसर में फारुख पुत्र वली मोहमद की माता की मृत्यु पर दावा भुगतान 129304 रुपये फलोदी शाखा प्रंबधक बृजमोहन व्यास, मुख्य जीवन बीमा सलाहकार अशोक बोहरा, एबीएम शिशिर शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी नारायण पुरोहित, किशोर सुथार, पुनित छंगाणी, पूजा अग्रवाल द्वारा पंद्रह मिनट में दावा भुगतान देकर कार्य कुशलता का उदाहरण पेश किया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुये शाखा प्रबंधक ब्रजमोहन व्यास ने कहा कि इंश्योरेंस के क्षेत्र में एलआईसी अपनी विशिष्ट पहचान रखती है, जिसके चलते करोड़ो नागरिक हम पर अटूट भरोसा करते है। अंत में अशोक बोहरा ने आभार व्यक्त किया।

## देश की बेटियां के सम्मान में करणी सेना का एक कदम

**मरूधर विशेष/महावीर सिंह**



श्री राजपूत करणी सेना का हर कदम समान को आगे ले जाने में समर्पित ,राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल मकराना के आदेशानुसार अपने ऊजार्वान ओर उत्कृष्ट कायो के लिए कल वंदिता राणा (जयपुर वेस्ट र ढ ) को समाज रत्न से सम्मानित किया गया।देश की बेटियों के साथ हमेशा करणी सेना तत्पर खड़ी है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा पाठशाला का हुआ आयोजन

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योन्तातर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन दि.19-12-2022 हुआ तहसीलदार हनुमान प्रसाद की अध्यक्षता में बजाज आलियाँस कम्पनी द्वारा रबी 2022 का फसल बीमा 31 दिसम्बर तक अवश्य करावें । कार्यशाला में तहसीलदार हनुमान प्रसाद ने बताया की आधार कार्ड मे बैंक व राजस्थ रिकॉर्ड में सब जगह किसानों के दस्तावेज मे नाम समान्तर होना चाहिए। आधार बैंक से लिंक होता चाहिए। ताकि फसल बीमा का क्लेम घर बैठे व बीमा कराने में आवेदन ए/३१ के, उरउ, स्त्रस्त्र से लिंक बीमा करवा सकते है।फसल बीमा स्वच्छिक हो,बैंक में किसान कास्तकार कि इच्छा से फसल बीमा ले सकता है नायब तहसीलदार हिम्मत सिंह राठौड़, सहायक कृषि अधिकारी रामगोपाल भाम्बी फसल बीमा प्रतिनिधि प्रवीण जोशी, बंशी सैनी, दया शंकर सैनी, कृषि विभाग समस्त स्टाफ व राजस्व विभाग गिरदावर व पटवारी सहित किसान उपस्थित रहे।

## सुंदरकांड मंडल अराँई द्वारा लावारिस पीड़ित गौ माता की ली सुध बुद्ध

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अंराई,अरांई मे श्री बावड़ी के बालाजी सुंदरकांड मंडल के सदस्यगणो के द्वारा अरांई क्षेत्र की सुंदरकांड मंडल व बजरंग मंडल के गौ रक्षक दल द्वारा पीड़ित लावारिस गौ माता की कठिन परिश्रम के बाद गौ माता के पैरों में तकलीफ होने के कारण एक ही जगह जाम होने के कारण से पीड़ित थी एवं गौ वंश के बछड़े के भी संक्रमित होने से बिमारी से ग्रसित हो गया दोनो गौ वंश को पशु चिकित्सा सहायक शिवराज गुर्जर के द्वारा स्थानीय प्राथमिक ईलाज करवाया गया जिसके बाद गौ सेवा के लिए समर्पित कृष्णगढ़ गौ चिकित्सा समिति की एम्बुलेंस बुलाकर उसमे गौ माता को भेज इसी तरह एक ओर गौ माता की सूचना मिली जो कई दिन से गौ माता की आस(शरीर)बाहर निकला हुआ व गर्भवती थी ग्रामीणों के द्वारा सूचना करने पर गौ माता की सेवा में सदैव तत्पर रहते हूऐ। इसकी सुध बुध सुंदरकांड मंडल अराँई के गौ रक्षक दल बजरंग मंडल ने इसके लिए लगातार 3 दिनों से गौ माता की सेवा व ईलाज करवा कर आस (शरीर )को वापस गौ माता के शरीर में यथा स्थान में स्थित करवाया गया।मदनेश गौशाल के नाम 1100 रुपए की सहयोग राशि जमा कराने के बाद पीड़ित गौ माता को ईलाज के लिए भेजा गया। वहां मौजूद संजय पोसवाल( प्रखण्ड मंत्री विश्व हिंदू परिषद अरांई),भूपेन्द्र सिंह पँवार (पूर्व कामधेनु सेना त.अध्यक्ष ),शिव गुर्जर ,बालु जी गुर्जर, विकास आचार्य, घनश्याम खंगार ,गजेंद्र पँवार, मनीष खंगार, हेमराज आचार्य, घनश्याम रेगर,श्रवण पोसवाल, कैलाश माली,राधाकिशन जी माली,भागचन्द गुर्जर एवं ग्रामीण जन के सहयोग से उसका इलाज करवाया गया। और पीड़ा मुक्त किया है।

## खेडली में राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का हुआ समापन

**मरुधर विशेष सह संपादक दिनेश लेखी**



खेड़ली। में परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला के खेल मैदान पर चल रही खो-खो संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का हुआ समापन ' समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री राम दयाल शर्मा एवं अध्यक्षता श्री मुरारी लाल सैनी ने की ' तीन दिवसीय चल रही इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अजमेर विजेता व जयपुर की टीम उपविजेता रही ' बालिका वर्ग में सीकर विजेता व हनुमानगढ़ की टीम उपविजेता रही 'इस मौके पर खो-खो संघ अजमेर द्वारा बनेसिंह मीणा को सम्मानित किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम में राजस्थान खो-खो संघ द्वारा रविदत्त शर्मा एडवोकेट चेयरमैन, बने सिंह मीणा अध्यक्ष, शनवीन सिंह चौहान सचिव को सम्मानित किया ' समारोह में हरवीर गुर्जर, कमल सिंह नरूका,उदल सिंह मीणा, रमा मास्टर, शिब्बो राम सोनी, लक्ष्मण मीणा, संतोष मीणा, शौकत खान, भूपेंद्र सिंह चौधरी, बदन सिंह, अशोक कुमार, प्रकाश चंद, रोशन लाल जाट, रमेश सैनी आदि मौजूद रहे ' जिला खो-खो संघ के चेयरमैन रविदत्त शर्मा एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया ' मंच संचालन बद्री प्रसाद कोच ने किया।

## भीलवाड़ा की मांडल तहसील बन रहा महामारी का केंद्र

**मरूधर विशेष/रवि शंकर व्यास**



भीलवाड़ा जिले के मांडल तहसील के अंतर्गत पंचायत समिति के सामने स्टेडियम के पास व कॉलोनी के अंदर काफी गंदा पानी भरा रहता हैं।जिसके कारण आए दिन यहां जानवर जमावड़ा बना रहता हैं ।जिसके कारण आमजन को खतरा व परेशानी बना देता है और इस पानी से लगते मकानों में पानी के जमा रहने के कारण मकानो की नींवे भी कमजोर हो रही है ।इसकी चर्चा हमने माननीय रतन लाल जाट पूर्व डेयरी चेयरमैन से की और यूआईटी सेक्रेटरी रजनी मालीवाल से भी चर्चा की दोनों ने आश्वासन दिया अति शीघ्र कॉलोनी की समस्या का निराकरण किया जाएगा दो इंजन भी लगाए गए है। जिससे गंदे पानी को बाहर निकाला जा रहा है ।लेकिन कॉलोनी वासियों का कहना है कि गंदा पानी बाहर से आ रहा है जिसको अगर ग्राम पंचायत रोक दे तो पानी का भराव नहीं होगा ।माननीय राजस्व मंत्री श्रीमान रामलाल जाट जिसे कॉलोनी वासियों से आग्रह किया कि अगर इस गड्ढे का भराव हो जाए तो इन सब लोगों को राहत मिलेगी और कभी कोई गंभीर दुर्घटना मकान गिरने की नहीं होगी । मांडल क्षेत्र के बीच में आने के कारण कॉलोनी वासी परेशान है ग्राम पंचायत मॉडल के सरपंच से अपील कॉलोनी वासियों ने इस समस्या का अति शीघ्र निराकरण किया जाए ।गंदे पानी को बाहर से आने से रोका जाए पानी को दूसरी दिशा में परिवर्तित किया जाए ।कॉलोनी वासी संपत देवी शर्मा, रोशन लाल भाट, अलाउद्दीन काजी, मकसूदां बेगम, रतन लाल बिरला, अभिषेक, शिवानी, रुक्मणि देवी, सोहनलाल तड़बा आदि लोग मौजूद रहे ।

## तिजारा भगवान परशुराम कुंड आमंत्रण अमृत भारत रथ यात्रा का स्वागत किया

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**



तिजारा भगवान परशुराम कुंड आमंत्रण अमृत भारत रथयात्रा का तिजारा पहुंचने पर कस्बे के मेगा हाईवे पर स्थित पद्मावती धाम पर मंगलवार को वैद्य मदन मोहन सारस्वत के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज तिजारा के लोगों ने स्वागत किया । इस अवसर पर समाज लोगों द्वारा भगवान परशुराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर आरती की गई। तथा यात्रा में शामिल सभी महानुभावो का फूल माला व दुपट्टा पहना कर सत्कार किया गया। और यात्रा की मंगलमय होने की कामना की।इस अवसर पर नवल किशोर शर्मा, श्याम लाल शर्मा,गोविन्द शर्मा,गोल्डी शर्मा, नरेश शर्मा,वेदप्रकाश शर्मा, राजू शर्मा, मोहित शर्मा, हिमांशु गौतम,मुदित शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सम्मान समारोह में विश्व विख्यात जादूगर शिव कुमार का किया सम्मान

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

नीमराणा। कस्बे में रामलीला मैदान परिसर स्थित ऐतिहासिक तालाब पर आज सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में नगर पालिका पार्षद व समाजसेवी वीरेंद्र खंडेलवाल ने भगवान श्री कृष्ण का छाया चित्र भेंटकर



विश्व विख्यात जादूगर शिवकुमार एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। विदित रहे देश दुनिया के जाने माने जादूगरों में शुमार राठ क्षेत्र के नायाब हीरे और अलवर की शान माने जाने वाले मुण्डावर उपखण्ड के रामबास निवासी जादूगर शिव कुमार का सम्मान किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी वीरेंद्र खंडेलवाल उर्फ भाई जी,उत्तर जिला भाजपा महामंत्री प्रमोद भाया,नगर पालिका पार्षद योगेंद्र चौहान,युवा समाजसेवी कर्मपाल सिंह चौहान,पार्षद राजेश कुमार,सीमा जीतू भारद्वाज ने ग्रामीण व युवाओं को संबोधित करते हुए कहा हम सबको मिलकर समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,पर्यावरण संरक्षण सहित समाज उत्थान की दिशा में सतत कार्य करने की जरूरत है।

## परशुराम कुण्ड आमंत्रण रथ यात्रा का खैरथल व पेहल पहुंचने पर भव्य स्वागत

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल । भगवान परशुराम कुंड आमंत्रण रथ यात्रा का खैरथल व पेहल में पहुंचने पर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम संयोजक किसान नेता टिल्लू भाई ने बताया कि भगवान श्री परशुराम के सुराज संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए परशुराम अमृत कुंड रथ पूरे भारत में भ्रमण कर रहा है । अरुणाचल प्रदेश में इसका भव्य 51 फुट की मूर्ति विशाल मंदिर एवं कॉरिडोर बन रहा है जिसका खैरथल में पहुंचने पर स्वागत किया गया साथ में रेणागिरी आश्रम पेहल के महंत श्री श्री 108 बालक दास जी, विष्णु स्वामी, किशनगढ़ बास के पूर्व प्रधान विनय व्यास, बाबूलाल शर्मा, डॉ ओमप्रकाश माधू, वरिष्ठ पत्रकार मोहन शर्मा, पार्षद नारायण छंगाणी,बिट्टू शर्मा, श्याम लाल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मुरारी शर्मा, आकाश मिश्रा, युवा जिला



अध्यक्ष डा अनिल माधु,महाराज बृजेश तिवारी,ओमप्रकाश जोशी, राकेश रामसिंह शर्मा, प्रहलाद छंगाणी, दिनेश कौशिक, राजू पंडित,जयप्रकाश जोशी ,पुरुषोत्तम शर्मा, पकज शास्त्री, संदीप मिश्रा पटवारी, पत्रकार प्रशांत शर्मा, पत्रकार मनीष मिश्रा, सरवन कोरानी, जयराम वासु, भारत शर्मा, होतचनद पटवारी, ध्रुव ठक्कर,कैलाश जोशी, कमल जोशी, तरुण दादानी, राजेश कांवटा ,बल्ली जोशी, मनीष शर्मा, अनुराग कौशिक, कैलाश छंगाणी,राहुल कौशिक, मोहित वासु ,कपील शर्मा,वरुण हेड़ाउ,अभिषेक वशिष्ठ, जितेंद्र आचार्य, प्रकाशीया आदि समस्त परशुराम वंशज एवं समस्त ब्राह्मण समाज मौजूद रहा।

## भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ चले खैरथल व कोटकासिम वाले

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल । राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा मे कोटकासिम से सैकड़ों कार्यकताओं के साथ प्रधान विनोद कुमारी सागवान, विक्रम चौधरी



(विक्की) नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका खैरथल शामिल हुए । पूर्व केंद्रीय मंत्री भँवर जितेंद्र सिंह ने राहुल गांधी जी से मुलाकात कराई व राहुल गांधी के साथ यात्रा मे पैदल भी चले। यात्रा मे श्रीमती सुनीता गठाला ज़िला अध्यक्ष कॉंग्रेस कमेटी सीकर,धर्मेंद्र गठाला ज़िला अध्यक्ष किसान कॉंग्रेस कमेटी सीकर व लाखों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शगोवर्धन पर्वत को उंगली से उठा भगवान इंद्र का घमंड किया चूर

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल । कस्बे के झूलेलाल मंदिर में पांच दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण द्वारा वर्षा से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठा कर इंद्रदेव के घमंड को चूर करने का संगीतमय वृत्तांत की प्रस्तुति पर श्रोता



भावविभोर हो झूमने लगे। वहीं भगवान कृष्ण के बाल्यकाल में माखन चुराने,मटकी फोड़ने की जीवंत झांकी की प्रस्तुतियों पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो कर नाचने लगे।वृंदावन धाम से आए कथावाचक सच्चिदानन्द महाराज ने अनेक प्रसंगों का वृत्तांत पाठन करते हुए सतकर्म की महिमा भी बताई। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का उपाय और तनावमुक्त जीवन जीने के लिए गीता का पठन-पाठन जरुरी है।संयोजक बालानी परिवार की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। संचालक नारायण बालानी, भगवान बालानी ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से पांच बजे तक श्रीमद्भगवद्ग गीता का संगीतमय पाठन किया जा रहा है।

## आवास की जगह को लेके तीन लोगो में कई दिनों से चल रहा था विवाद

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

रायबरेली - रायबरेली ग्राम पूरे नरहिया मजरे मझिलहा में20122022 को दोपहर करीब 3 बजे सलोन उपजिलाधिकारी सालिकराम व हल्का लेखपाल संतोष यादव मौके पर पहुंचे और जगह का निरीक्षण किया और लल्लन पुत्र मेहिलाल व इंजादे पुत्र मेहिलाल व जुम्मन पुत्र मेहिलाल को आवास बनाने के लिए जगह देने का आश्वासन दिया ग्रामीणों का कहना है



की तीनों ही लोगों में आपस में आवास की जगह के लिए आये दिन विवाद होता रहता है जिस कारण आज सलोन उपजिलाधिकारी सालिक राम व हल्का लेखपाल ने आज तीनों ही लोगों को परती व तालाब की भूमि पर आवास बनाने के लिए कहा और आज भूमि का निरीक्षण किया और आवास के लिए भूमि देने का अश्वशन दिया गया वही ग्रामीणों ने बताया की जिस भूमि पर तीनों लोगों को आवास की भूमि दी जा रही है उस भूमि पर आवास के लिए पूर्व ग्राम प्रधान चंद्र प्रकाश यादव ने इन लोगों को भूमि दी थी और इस पर विवाद हुआ था और उसी भूमि पर फिर से वहाँ पर तीनों लोगों को भूमि देने से आये दिन विवाद होगा कई लोगों के खेत जाने के उसी मार्ग से रास्ते है लेकिन आवास बन जाने से आये दिन विवाद होगा ग्रामीणों ने अन्य किसी जगह पर उक्त तीनों लोगों को आवास की भूमि देने की माँग की है

## दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति की बहनों द्वारा सफला एकादशी के दिन मदारेशवर गौशाला मैं स्थित वटकेशवर महादेव की पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन किए

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति की बहनों द्वारा सफला एकादशी के दिन मदारेशवर गौशाला मैं स्थित वटकेशवर



महादेव की पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन किए गए। सभी बहनों ने विश्व कल्याण की कामना के लिए महादेव जी से प्रार्थना की। विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरुणकुमार अडीचवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका साक्षी दक मातृशक्ति जिला सत्संग प्रमुख मिथिलेश जी कौशिक जिला बालसंस्कार साधना देवड़ा मातृशक्ति नगर संयोजिका नैना जैन उषा परमार सुनीता कौशिक प्रतिभा जैन राजेश्वरी चौधरी सर्मिष्ठा आचार्य मंजू शुक्ला ज्योति सावित्री शर्मा प्रीति गोयल जीवन भगवती कानू आदि बहनों ने भाग लिया तथा भुवन जी पंड्या ने पूजा मंत्रोचार से द्वारा करवाई । ये जानकारी तरुणकुमार अडीचवाल जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा ने दी।

# उदयपुर के सराड़ा में आंगनबाड़ी में फर्जी सुपरवाइजर बनकर लोगों से लाखों रुपए की ठगी

**मरूधर विशेष/लिम्बाराम उठेर**

उदयपुर के सराड़ा में आंगनबाड़ी में फर्जी सुपरवाइजर बनकर लोगों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। कभी खुद को चीफ मैनेजर तो कभी सुपरवाइजर बताता था। सैकड़ों लोगों से फर्जी तरीके से करीब 10 लाख रुपए वसूल चुका है। पुलिस जांच में इसका खुलासा हुआ है। सराड़ा थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि आरोपी सराड़ा निवासी कमलेश पुत्र कालूलाल सुथार को गिरफ्तार किया। जिसके पुलिस कस्टडी में रखा है।

**थानाधिकारी ने बताया कि हमारे पास कई लोगों ने शिकायत की थी**

आरोपी कमलेश कभी चीफ मैनेजर बनकर और तो कभी सुपरवाइजर बनकर लोगों के पास जाता था। आंगनबाड़ी में नौकरी लगाने के नाम पर तो कभी बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के नाम पर पैसे वसूल करता था। ज्यादातर लोगों से इसने 5 से 7 हजार रुपए वसूल किए हैं।

**बदला नाम मोहित बताता और आंगनबाड़ी निरीक्षण पर जाता**

आरोपी बीते दिनों अपने नाम को मोहित शर्मा बताकर और खुद को आंगनबाड़ी सुरपवाइजर बताकर आंगनबाड़ी केन्द्र नावड़ा में गया था। इसने आंगनबाड़ी का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद कार्यकर्ता को बेटी बचाओ स्कीम के बारे में बताया कि इस स्कीम के तहत कोई भी व्यक्ति 18 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों के नाम पर 5 हजार रुपए जमा कराएगा तो उसे 5-6 में 5 लाख रुपए मिलेंगे।


इस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने सुपरवाइजर समझकर विश्वास करते हुए पैसे ऑनलाइन भेज दिए। इसके कुछ दिन बाद आरोपी से सम्पर्क किया तो वह टालमटोल करता रहा। फिर आरोपी के बारे में पता किया तो उसका नाम मोहित शर्मा नहीं बल्कि कमलेश पटेल निकला। इसकी शिकायत पुलिस को की गई। फिर पुलिस जांच में इसे दोषी पाया गया।

> उदयपुर के सराड़ा में आंगनबाड़ी में फर्जी सुपरवाइजर बनकर लोगों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। कभी खुद को चीफ मैनेजर तो कभी सुपरवाइजर बताता था। सैकड़ों लोगों से फर्जी तरीके से करीब 10 लाख रुपए वसूल चुका है। पुलिस जांच में इसका खुलासा हुआ है। सराड़ा थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि आरोपी सराड़ा निवासी कमलेश पुत्र कालूलाल सुथार को गिरफ्तार किया। जिसके पुलिस कस्टडी में रखा है।

# भैरोसिंह जी शेखावत के नाम से होगा टोंक रोड़ का नामकरण — पुनीत कर्णावट

**मरूधर विशेष/महावीर सिंह साँचोरा**

नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने कहा की राजस्थान की भूमि को गौरवान्वित करने वाले, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति स्व० श्री भैरोसिंह शेखावत जी के नाम से टोंक रोड़ का नामकरण किया जायेगा।उन्होंने कहा की स्व० भैरोसिंह शेखावत जी की स्मृति को अमर बनाये रखने के लिये टोंक रोड़ का नाम अजमेरी गेट से नगर निगम की सीमा तक श्री भैरोसिंह शेखावत मार्ग अथवा रोड किया जाना चाहिये।राजस्थान की राजनीती के पुरोधा स्व० श्री गैरोसिंह जी शेखावत ना सिर्फ राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे वही वे भारत के उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचने वाले पहले राजस्थानी भी बने।



शेखावत साहेब के मुख्यमंत्री काल में राजस्थान में गरीब को गणेश मानकर लागू की गयी अन्तोदय योजना ही आज भी जनकल्याणकारी सरकारों के कार्य करने की प्रेरणा बनी हुयी है। उन्होंने कहा की इस संबंध में पहले भी 17.10.2021 को कार्यकारिणी समिति की सभा में यह प्रस्ताव लाने के लिये महापौर जी को नोटशीट लिखी थी लेकिन हाल ही में हुयी कार्यकारिणी की सभा में इस संबंध में प्रस्ताव नहीं आ पाया था। इसीलियें उन्होंने महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर जी को पुनः पत्र लिखकर इस संबंध में स्पष्ट प्रस्ताव आगामी कार्यकारिणी सभा में लाने का आग्रह किया है ताकि स्व० भैरोसिंह शेखावत मार्ग अथवा रोड के प्रस्ताव को आलीजामा पहनाया जा सकें।

# वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022

## ग्रुप–एः–1366 केंद्रों पर होगा परीक्षा का आयोजन

**मरूधर विशेष/विशेष संवाददाता अजमेर**

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 बुधवार से शुरू होगी। परीक्षा की गोपनीयता तथा शुचिता के दृष्टिगत आयोग द्वारा विशेष सुरक्षा इंतजाम करने के दिशा-निर्देश संबंधित जिला प्रशासन को जारी किए जा चुके है।आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि बताया कि परीक्षा के सुगम संचालन हेतु आयोग द्वारा विषयों को 3 ग्रुपों (ए से सी) में बांटा गया है। पूरी परीक्षा में लगभग 12 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को पंजीकृत किया गया है। ग्रुप-ए की परीक्षा 21 दिसंबर 2022 को आयोजित की जाएगी। प्रातः 9 से 11 बजे तक सामान्य ज्ञान एवं शिक्षा मनोविज्ञान तथा दोपहर 2 से 4.30 बजे तक सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 28 जिलों में 1366 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

**जिला-परीक्षा केंद्र**

अजमेर-90, अलवर-83, बांसवाड़ा-50, बारां-25, भरतपुर-78, भीलवाड़ा-29, बीकानेर-42, बूंदी-20, चित्तौड़गढ़-23, चुरू-49, दौसा-38, धौलपुर-14, डूंगरपुर-36, हनुमानगढ-47, जयपुर-220, जैसलमेर-10, झालावाड-17, झुंझुनू-66, जोधपुर-99, कोटा-69, नागौर-20, पाली-30, प्रतापगढ-19, राजसमंद-12, सिरोही-13, श्रीगंगानगर-35, टोंक-32 एवं उदयपुर-100

**वीक्षक रखेंगे ओएमआर शीट खाली छोडने वालों पर विशेष नजर**

अटल ने कहा कि परीक्षा दौरान खाली ओएमआर शीट छोडने वाले अभ्यर्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा केन्द्र पर वीक्षक इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि कौनसे परीक्षार्थियों ने ओएमआर शीट पूरी खाली छोड़ी है। अगर ऐसा कहीं मिलता है तो वीक्षक ओएमआर शीट खाली छोड़ने का उल्लेख करते हुए हस्ताक्षर करेंगे। केंद्राधीक्षक ऐसे अभ्यर्थियों की सूची पृथक से तैयार कर आयोग को प्रेषित करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए ग्रुप-ए में 4 लाख 31 हजार, ग्रुप-बी में 3 लाख 93 हजार एवं ग्रुप सी में 3 लाख 74 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को पंजीकृत किया गया है।

**मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र से सत्यापन व जांच के बाद प्रवेश**

अटल ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पूर्णतया जांच व मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र से सत्यापन के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा आयोजन से जुडे कार्मिकों को भी केंद्र में मोबाइल या अन्य कोई इलैक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। सम्पूर्ण परीक्षा आयोजन की वीड़ियोग्राफी के लिए प्रति परीक्षा केंद्र 2 वीडियोग्राफरों भी नियुक्त रहेंगे।

**ग्रुप-सी के प्रवेश पत्र अपलोड**

मंगलवार को ग्रुप-सी के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं। इससे पूर्व ग्रुप-ए के प्रवेश-पत्र 17 दिसंबर 2022 तथा ग्रुप-बी के प्रवेश-पत्र 18 दिसंबर 2022 को अपलोड किए जा चुके हैं। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र समयान्तर्गत प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। अभ्यर्थियों को प्रत्येक प्रश्न-पत्र हेतु अलग-अलग प्रवेश-पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 1 घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पर आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन की पूर्णतः पालना करनी होगी एवं परीक्षा केंद्र पर मास्क लगाकर आना होगा।

**मूल फोटो पहचान-पत्र आवश्यक**

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्राथमिकता से मूल आधार कार्ड लेकर उपस्थित होना होगा। आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि लेकर उपस्थित हो सकते हैं। मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आयोग द्वारा कोरोना संक्रमित अभ्यर्थियों की परीक्षा हेतु पृथक से व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए कोरोना संक्रमित अभ्यर्थी को परीक्षा दिनांक से एक दिन पूर्व सायं 04:00 बजे तक कोरोना संक्रमण संबंधी रिपोर्ट मय अन्य दस्तावेज ईमेल ीॅंस्र"ल्लल्लल्लॅ.१स्र२ू@१ॅ२३ॅल्लॅ. ङ्म५.ल्ल पर सूचित करना आवश्यक होगा। निर्धारित अवधि में सूचना प्राप्त होने पर आयोग द्वारा कोरोना संक्रमण से ग्रसित अभ्यर्थियों के लिए समुचित व्यवस्था की जा सकेगी।

**परीक्षा कार्यक्रम**

21 दिसंबर 2022 को प्रातः 9 से 11 बजे तक सामान्य ज्ञान एवं शिक्षा मनोविज्ञान तथा दोपहर 2 से 4.30 बजे तक सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 22 दिसंबर 2022 को प्रातः 9 से 11 बजे तक ग्रुप बी में सम्मिलित विषयों के सभी अभ्यर्थियों की सामान्य ज्ञान एवं शिक्षा मनोविज्ञान परीक्षा तथा 2 से 4.30 बजे तक हिन्दी विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 23 दिसंबर 2022 को प्रातः 9 से 11.30 बजे तक अंग्रेजी एवं दोपहर 2 से 4.30 बजे तक उर्दू विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

24 दिसंबर 2022 को प्रातः 9 से 11 बजे तक ग्रुप-सी में सम्मिलित विषयों के सभी अभ्यर्थियों की सामान्य ज्ञान एवं शिक्षा मनोविज्ञान परीक्षा तथा दोपहर 2 से 4.30 बजे तक विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 26 दिसंबर 2022 को प्रातः 9 से 11.30 बजे तक संस्कृत विषय एवं दोपहर 2 से 4.30 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। पंजाबी विषय की परीक्षा का आयोजन 27 दिसंबर 2022 को प्रातः 9 से 11.30 बजे तक किया जाएगा।

# विकासखंड मसौधा के खंड विकास अधिकारी मधुपुर का औचक निरीक्षण किया

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

विकासखंड मसौधा के खंड विकास अधिकारी आई ए एस के के सिंह ने विकासखंड के ग्राम पंचायत मधुपुर का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों का सच देखा। ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान आईएएस अधिकारी श्री सिंह ने चेतावनी देते हुए बताया की कराए गए कार्यों की गुणवत्ता में कमी आई तो कार्यदाई संस्था जिम्मेदार होगी। ग्राम पंचायतों के औचक निरीक्षण हेतु आज प्रातः 9:00 बजे ही निकले आईएएस खंड विकास अधिकारी विकासखंड के ग्राम पंचायत मधुपुर दल बल के साथ पहुंचकर विकासखंड से संचालित योजनाओं मनरेगा, पीएम/ सीएम आवास, राज्य वित्त, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र , दिव्यांग एवं सामुदायिक शौचालय,प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम श्री सिंह ने मधुपुर में मनरेगा योजना से चल रहे देवी प्रसाद के खेत से मुन्ना मौर्य के खेत तक एवम पक्की सड़क से राजेश के खेत तक कार्य का स्थलीय सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान मनरेगा श्रमिक बढ़ाने एवं कार्य को मानक के अनुरूप कराने का निर्देश दिया। गांव में बन रहे आरती मिश्रा एवं राम शंकर के मुख्यमंत्री आवास का भी निरीक्षण कर लाभार्थियों को आवास मानक के अनुरूप अति शीघ्र बनाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में श्री सिंह आंगनबाड़ी केंद्र जाकर पुष्टाहार वितरण की भी समीक्षा की।आईएएस अधिकारी श्री सिंह प्राथमिक विद्यालय मधुपुर पहुंचकर शिक्षा व्यवस्था का मुआयना किया साथ ही विद्यालय में बने दिव्यांग एवं माडल शौचालय का भी अवलोकन किया । ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर से साफ सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा किया । पंचायत भवन पहुंचकर रोजगार सहायक से आयुष्मान कार्ड के निर्माण की समीक्षा करते हुए ग्राम सचिवालय में स्थित पुस्तकालय एवं अन्य व्यवस्था का अवलोकन किया।निरीक्षण में श्री सिंह ने ग्राम पंचायत मधुपुर द्वारा कराएं कार्यों की गुणवत्ता की प्रसंशा किया। निरीक्षण के दौरान आईएएस खंड विकास अधिकारी श्री सिंह के साथ संयुक्त खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा, एपीओ अतुल कुमार पांडे, एडीओ संतोष पांडे, नरेंद्र कुमार पांडे,ब्लॉक टी ए अनिल कुमार यादव, सचिव जितेंद्र कुमार वर्मा, प्रधान जयलाल, पूर्व प्रधान उदय पांडे उपस्थित रहे।

> मसौधा के खंड विकास अधिकारी आई ए एस के के सिंह ने विकासखंड के ग्राम पंचायत मधुपुर का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यो का सच देखा। ग्राम पंचायत के विकास कार्यो के निरीक्षण के दौरान आईएएस अधिकारी श्री सिंह ने चेतावनी देते हुए बताया की कराए गए कार्यो की गुणवत्ता में कमी आई तो कार्यदाई संस्था जिम्मेदार होगी। ग्राम पंचायतों के औचक निरीक्षण हेतु आज प्रातः 9:00 बजे ही निकले आईएएस खंड विकास अधिकारी विकासखंड के ग्राम पंचायत मधुपुर दल बल के साथ पहुंचकर विकासखंड से संचालित योजनाओं मनरेगा, पीएम/ सीएम आवास, राज्य वित्त, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र , दिव्यांग एवं सामुदायिक शौचालय,प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

## गौभक्त मुरलीधर बोहरा की पुण्यतिथि मनाई

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर बिजली घर के आगे टैक्सी स्टैंड पर स्थापित गौभक्त स्वर्गीय मुरलीधर बोहरा की प्रतिमा पर मंगलवार को उनकी 23 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्प अर्पित कर याद किया गया।इस अवसर पर हिन्दू आर्मी राजस्थान उपाध्यक्ष ललित रंगा, रमेश जीनगर, शिविर बोहरा, ललित पुरोहित, नितेश थानवी, रुद्र गोस्वामी, महेंद्र बोहरा, रामवल्लभ बोहरा, भाऊ व्यास, मुरली पुरोहित एवं पिंटू गोपाणी सहित अन्य कई युवा उपस्थित रहे।

## पानी की समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर- उपखंड के कल्याणपुरा ग्राम पंचायत के गांव आशा का बास की महिलाओं ने सोमवार को पानी की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत पर धरना प्रदर्शन किया गया। और पंचायत कर्मचारियों को खरी खोटी सुनाई । महिलाओं ने बताया कि गांव में पिछले 4 महीनों से पानी की भारी किल्लत



है जिसको लेकर कई बार सरपंच को अवगत करवाया गया लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकाला गया।जिसको लेकर आज गांव की सभी महिलाएं इकट्ठा होकर ग्राम पंचायत पर पहुंची और विरोध प्रदर्शन किया। वहीं महिलाओं ने बताया कि पानी के लिए दूर दूर तक खेतों में किसानों की बोरिंग से पीने के पानी के लिए ठोकर खानी पड़ रही है। लेकिन पंचायत की ओर से समस्या का कोई हल नहीं निकाला गया। वहीं सरपंच हरफूल मीणा ने बताया कि कुछ दिन पहले ही गांव की बोरिंग में पानी कम हो गया था। जिसमें थ्री फेस की मोटर थी। पानी कम होने से बोरिंग में सिंगल फेस की मोटर डाली गई थीं। जिससे ग्रामीणों की पूर्ति नहीं हो रही है। वहीं उन्होंने 2 दिन में पानी की समस्या को दूर करने का आश्वासन देकर मामले को शांत करवाया। सरपंच ने बताया कि जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## छात्राओं को स्वेटर वितरित किए

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - मत्स्य ग्रुप ऑफ एजुकेशन बानसूर की ओर से मंगलवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गिरुडी में छात्राओं को स्वेटर वितरित की



गई। इस दौरान निदेशिका अंजू मीणा ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गिरुडी से उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को श्रीमती पार्वती देवी गर्ल्स कॉलेज में प्रवेश लेने पर निःशुल्क शिक्षा देने की घोषणा की। विद्यालय प्रधानाध्यापिका पूनम शर्मा ने मत्स्य ग्रुप का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इंजीनियर जयसिंह मीणा, सुभाष सैनी, नरेश जिलोवा सहित विद्यालय स्टाफ व छात्राएं मौजूद रही।

## भगवान परशुराम कुंड अमृत रथ यात्रा का विप्र समाज के बंधुओं ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

**मरुधर विशेष /हवासिंह चौधरी**

मुंडावर ।उपखण्ड छेत्र के सोडवास कस्बे मे मंगलवार को परशुराम भगवान चौक पर भगवान परशुराम कुंड अमृत रथ यात्रा का विप्र समाज के बंधुओं ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत किया ।विप्र समाज के अनिल शर्मा ने बताया कि अमृत भारत रथ अरुणाचल प्रदेश के लोहित नदी के तट पर पंच धातु निर्मित 51 फीट की परशुराम भगवान की प्रतिमा स्थापित होगी। जिससे




परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा का अमृत भारत रथ मदुरई के मीनाक्षी मंदिर से 8 नवंबर 2022 को यात्रा प्रारंभ हुई। अमृत भारत रथ यात्रा 20 दिसंबर मंगलवार को सोड़ावास कस्बे में पहंची। इस अवसर पर पंडित गोपीचंद तारा, अनिल जोशी एडवोकेट नोटेरी,भवानी तिवाड़ी, अनिल शर्मा,पूर्ण जोशी, अनिल पप्पू शर्मा, योगेश तिवाड़ी,धीरज शर्मा गुरुजी , आभास कानोड़िया, भागीरथ कानोड़िया, बाबूलाल जोशी,बिल्लू शर्मा झझारपुर, लोकेश रजनेश शर्मा, हरिप्रसाद तिवाड़ी, मोहनलाल तिवाड़ी,कैलाश जोशी, अवधेश भारद्वाज, गिरीश सरपच बधिन, जेपी मोबाईल, मनोज छापुर,आकाश छापुर सहित सैकड़ो विप्र समाज के लोग मौजूद रहे ।

## दिव्यांग बच्चों के बीच मनाया बेटी का जन्म दिवस

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

बहरोड़। कस्बे के तलवाड़ रोड़ पर स्थित शरबती देवी दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र बहरोड़ में सी ए सुशांत गुप्ता अंजू देवी चैरिटेबल ट्रस्ट संचालक प्रियंका तोमर के मार्गदर्शन में अपने परिवार के साथ दिव्यांग बच्चों के बीच अपनी



बेटी का जन्म दिन मानने पहुंचे। जहां दिव्यांग बालकों के साथ अपनी बेटी अवनी गुप्ता के जन्मदिन का केक काटकर सभी का मुंह मीठा करवाया। साथ ही सभी को अल्पाहार करवाया तथा गर्म वस्त्र भी वितरण किए। इस अवसर पर सी ए सुशांत ने बताया कि दिव्यांगों के बीच पहली बार ऐसा कार्यक्रम किया है। जिससे अदभुत शांति की अनुभूति प्राप्त हुई है। साथ ही संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की तथा आगे भी इसी प्रकार सहयोग करने का संकल्प लिया। इस मौके पर संस्था के दृष्टि बाधित बालक छोटू राम ने मनमोहक गीतों से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान प्रियंका तोमर,सुशांत गुप्ता,निरंजन लाल गुप्ता,मंजू देवी, ईशु गुप्ता सहित संस्था स्टाफ मौजूद रहा।

## रायबरेली में अलग ही पहचान रखने वाला प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल है रेवती राम का तालाब - महेन्द्र विश्वकर्मा

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

रायबरेली - रायबरेली में अहिया रायपुर के पास स्थित रेवती राम का तालाब जो कि उन्नीसवीं सदी के में राजा हरि सिंह द्वारा बनवाया गया था जिसका बनवाने का मकसद या था कि 19वीं सदी में अहियरायपुर में सूखा पड़ जाने के कारण यहां के किसानों को खेत सींचने की नहीं बल्कि पानी पीने तक का पानी नहीं मिल पाता था इस समस्या लेकर यहां के किसान उस समय के राजा के पास पहुंचे तो राजा हरिसिंह ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए यहां



पर कुआं खुदवाने का फैसला लिया लेकिन कुए से पानी ना निकलने के कारण राजा ने दूसरी को खुदाई इसी तरह उसमें भी पानी नहीं निकला ऐसे करते करते राजा हर सिंह ने 7 कुआं खुदवा डाली लेकिन फिर भी पानी नहीं निकला राजा हरि सिंह काफी चिंतित हो गए उन्होंने उस वक्त के हुए महान महंत से मिले महंत जी ने बताया कि यह कुआं बली मांग रही हैं राजा हरि सिंह ने कहा कि बलि किसकी दी जाए तो फिर उन्हें पता चला कि उन्हें किसान में से एक किसान लाला जी थे जिनके घर में एक नवजात शिशु का जन्म हुआ था तो राजा हर सिंह लाला जी के पास गए और उनसे बात करने के बाद लालाजी मान गए अपने बच्चे की बलि देने के लिए जब उस बच्चे की बलि दी गई तो सभी कुओं से पानी निकल आया उस बच्चे का नाम रेवती था जिसके नाम पर इस तालाब का नाम रेवती राम का तालाब रखा गया सूत्रों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार यह तालाब 1 वर्ष में 4 बार अपने पानी का रंग बदलता है और तब से निकला हुआ पानी कभी भी आज तक नहीं सुखा है जोकि अपने आप में एक रहस्य मई है इस रहस्य का पता ना तो पौराणिक कथा द्वारा और न ही वैज्ञानिकों द्वारा लगाया जा सका है '

# राहुल की झलक पाने की बेताबी, सडक से लेकर छतों तक उत्साह, ठंड में भी स्वागत के लिए खड़े रहे लोग, बरसाए फूल

## भोर से पहले शुरू हुई भारत जोडो यात्रा जनसैलाब में बदली–मंत्री जूली

मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर
युवराज शर्मा

अलवर। अभी सर्दी के साथ अंधेरा ही पसरा था, लेकिन घड़ी की सुई ठीक छह बजा रही थी, इसी दौरान राहुल गांधी अपने रात्रि विश्राम स्थल से कटी घाटी केपास पहुंचे और अपनी भारत जोड़ो यात्रा पर निकल पड़े। भारत जोड़ो पदयात्रा 104वें दिन के सफर पर है। इस दौरान बड़ी संख्या में सडक के आस पास लोग राहुल गांधी की झलक पाने व उनके साथ यात्रा में सहभागी बनने के लिए चल पड़े। देखते ही देखते पदयात्रा में हजारों की संख्या में युवा, महिला, बच्चे, किसान, व्यापारी, लेखक, साहित्यकार,शिक्षाविद, इतिहासकार, पत्रकार सहित विभिन्न संगठन एवं समाज जुड़ते गए और राहुल का यह कारवां हाथ हिलाते हुए अभिवादन के साथ शहर की सड़कों पर कदमताल करता रहा। राहुल गांधी से कुछ दूरी पर आगे लोग भारत जोड़ो-नफरत छोड़ो के नारे लगाते हुए शहर की ओर बढ़ रहे थे। कटी घाटी से यह पदयात्रा शुरू की गई।

महिला-पुरुष व बच्चे राहुल की झलक पाने के लिए छतों पर हुजुम के रूप में चढ़े दिखाई दिये। हर किसी की एक ही चाहत की एक बार राहुल की एक झलक दिख जाए। सडक के दोनो ओर बने मकान व दुकानों की छतों पर लोग भीड के रूप में जमा थे। अधिकांश लोग अपने मोबाइल फोन से भारत जोड़ों यात्रा के इस सुनहरे लम्हे को कैद कर रहे थे। राहुल ने भी कई बार लोगों



का हाथ हिला कर अभिवादन किया। सुबह के सात बजने के साथ ही अब यह यात्रा एक जन सैलाब में बदल चुकी थी। जगह-जगह हो रही पुष्प वर्षा के बीच कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्र बजा कर यात्रा का स्वागत करते हुए सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। अलवर शहर में पैदल यात्रा के बाद रामगढ़ तक अलग-अलग जगहों पर नुक्कड़ सभा व स्वागत का कार्यक्रम विभिन्न संगठनों की ओर से रखा गया है।

**जूली निवास के बाहर थमे राहुल के कदम, रिमभवई का उठाया लुत्फ**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली के नेतृत्व में मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर राहुल का गर्मजोशी के साथ ऐतिहासिक भव्य स्वागत किया गया। कुछ ही दूरी पर मंत्री जूली के निवास के बाहर राहुल की भारत जोड़ो यह यात्रा रूकी तो वहां उपस्थित कलाकारों ने रिमभवई नृत्य कर राहुल को रूकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने खुद सुबह की बेला का सुनहरी धूप के साथ लुत्फ उठाते हुए अपने हाथ पर रिम घुमाई। अलवर यात्रा के बाद भारत जोड़ो यात्रा कल सुबह हरियाणा में प्रवेश करेगी। अलवर के मालाखेड़ा में हुई कांग्रेस की सभा में जुटा सैलाब और आज पैदल यात्रा में जबरदस्त आमजन की सहभागिता देखने के बाद से आमजन में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक है। ना केवल देश बल्कि विदेश में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। लाखों लोग आगे आकर भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ रहे हैं।इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली सहित कांग्रेस के तमाम नेता व जनप्रतिनिधि भी राहुल के साथ कदम से कदम मिला कर चल रहे थे।

# उप सरपंच सहित 7 पंचों ने सरपंच और सचिव के खिलाफ लगाया फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप

मरुधर विशेष करन सोनी

मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर :- ग्राम पंचायत के बड़े बड़े घोटाले तो आप ने सुना ही होगा लेकिन इस बार जो हेरा फेरी हुआ है वह कोरिया जिला के रतनपुर ग्राम पंचायत का है ग्राम पंचायत के सचिव और सरपंच पति मिल कर पंचायत के शासन से प्राप्त राशि का द्रुप्रयोग किया जा रहा है।जी हां यह आरोप सीधे ग्राम पंचायत के पंचो के द्वारा सीधे अपने ही ग्राम पंचायत के सचिव और सरपंच पर लगाया जा रहा है ।पंचों ने लिखित मे भी शिकायत जनपद पंचायत खडगंवा के सीईओ राजेश सेंगर से किया है मामले के गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत के सीईओ राजेश सेंगर ने पंचायत इंस्पेक्टर को निर्देशित कर जांच रिपोर्ट माँगा था लेकिन विडंबना इस बात की है कि मामले को एक महीने बीतने को है लेकिन जनपद पंचायत के मुखिया के तरफ से अब तक किसी प्रकार का सचिव के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई है.

पंच का कहना है कि जिस प्रस्ताव रजिस्टर मैं फर्जी हस्ताक्षर किया गया है कहीं ना कहीं पंचायत के पैसे का आहरण किया गया है हम सभी पंचो के विस्वास के साथ धोखा धडी किया जा रहा है.

इनका आरोप है कि सरपंच और उसके पति ने सचिव के साठ गांठ से पंचायत के राशि को बेवजह कभी रंग मंच के नाम से तो कभी अन्य कार्यो के लिए बे हिसाब पैसा निकाल कर तीनों मिल कर डकार जाते हैं.

जब भी हम पंचो ने पंचायत के कार्यो और पैसों का हिसाब माँगा है सरपंच के पति पंचायत के कामों मैं अड़ंगा डालते है.

आज जब हम सचिव से फर्जी हस्ताक्षर को लेकर बात करनी चाहा तो सचिव ने कहा कि मेरे से सरपंच ने प्रस्ताव रजिस्टर माँगा गया था मैं उस वक़्त बेमा मैं अन्य कामों मैं व्यस्त था मैं उन्हें रजिस्टर दे दिया था लेकिन मुझे इस बारे मैं कुछ भी पता नहीं .

क्या सचिव इस प्रकार की बाते करें तो क्या यह सौभा देता है पंचायत का काम एक बहोत बड़ी जिम्मेवारी होती है क्या सचिव को यह नहीं पता इन सब बातों से यह मालूम पड़ता है कि कहीं ना कहीं फर्जी हस्ताक्षर के मामले को दबा दिया जा रहा है अगर ऐसा नहीं है तो जनपद पंचायत के सीईओ क्यों त्वरित





कार्रवाई करते है जब पंचों ने सीधे सरपंच और सचिव के विरूद्ध लिखित आरोप पत्र दिया है तो क्या कारण है कार्यवाही मैं विलंब क्यों

सूत्रों के माने तो फर्जी हस्ताक्षर के मामले मैं सरपंच का पकड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि से हैं और मालूम पडता हैं कि उक्त मामले कि कार्यवाही मैं लेट लतीफ जानबूझकर कर कराया जा रहा हैं सूत्र बताते है की सरपंच सचिव के पीछे राजनीतिक संरक्षण है . और कहीं ना कहीं सीईओ को कार्यवाही करने से दबाया जा रहा है इस लिए कहीं सीईओ के हाथ पांव तो नहीं फूल रहे हैं बहरहाल सभी पंचों ने कार्यवाही के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है अब देखना होगा कि जिला कलेक्टर के हस्तक्षेप से सरपंच और सचिव के विरुद्ध कार्रवाई होती है कि नहीं

आज हम देखते हैं कि कोई भी व्यक्ति फर्जी तरीके से कोई भी चेक पर हस्ताक्षर कर लेते हैं या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख से तैयार किसी भी नोटिस या दस्तावेज में अपने हस्ताक्षर कर या आदेश को बदल देते हैं। हम आज आपको कूटरचना संबंधित अपराध के बारे में जानकारी आज के लेख में जानिए।

**क्या होती हैं यह कूटरचना ? :-**

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अध्याय 18, में धारा 463 से 489 तक दस्तावेजों और चिन्हों संबधी अपराधों एवं दण्डो के विषय में बताया गया है। पर आज के लेख में हम कूटरचना संबधित अपराध को जानेंगे। कूटरचना से तात्पर्य है किसी व्यक्ति के द्वारा झूठे दस्तावेज बनाना या तैयार करना। उन दस्तावेजों का प्रयोग व्यक्ति अपने वास्तविक रूप में करता है, या कोई धोखा देने के उद्देश्य से, कोई व्यक्ति झूठे दस्तावेज बनाता है, वह कूटरचना होती है।

वही ग्रामपंचायत के पंचों ने स्टाम्प मैं अपना काबुल नामा स्वीकार किया है और र्रे कार्यालय मैं मामले की सुनवाई के लिए गुहार लगाया है

वही सीईओ खडगावां राजेश सेंगर ने कहा है कि जांच रिपोर्ट के बाद जो भी बात सामने आयेगी उस पर कार्यवाही की जाएगी और सब लोगों को नोटिस दी जाएगी

श्रीमती सुमित्रा पति बजरंग, उम्र करीब 30 वर्ष, जाति गोड़, निवासी ग्राम-रतनपुर, थाना व तहसील खड़गवां, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0) का मूल निवासी हूँ तथा निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ :-

यह कि, मैं उपरोक्त वर्णित पते पर स्थायी रूप से निवास करती हूँ तथा ग्राम पंचायत रतनपुर, वार्ड क्रमांक 06 का चयनित वार्ड पंच हूँ।

यह कि, ग्राम पंचायत रतनपुर के सरपंच उमा सिंह एवं सचिव शिवभजन सिंह के द्वारा दिनांक 12/10/2022 को एक बैठक किया गया, बैठक की जानकारी मुझे नहीं दी गई और ना ही मुझे बुलाया गया उक्त बैठक में मेरे नाम का प्रस्ताव के समर्थन में फर्जी हस्ताक्षर कुट रचित कर अंकित किया गया है।

यह कि, ग्राम पंचायत रतनपुर के सरपंच / सचिव के द्वारा फर्जी प्रस्ताव पारित कर बैंक से राशि आहरण कर लिया गया है, कितनी राशि बैंक से आहरण की गई है इसकी जानकारी मुझे नही है तथा उक्त प्रस्ताव पंजी में मेरी कुट रचित हस्ताक्षर फर्जी तरीके से किया गया है। प्रस्ताव पंजी में मेरे द्वारा हस्ताक्षर नही किया गया है।

# राज्य शासन के 4 वर्ष पूर्ण होने पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा जिले में लगायी जा रही छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर

मरुधर विशेष करन सोनी

कोरिया :- छत्तीसगढ़ शासन के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में जिले में विभिन्न स्थानों पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर लगायी जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में शासन के सफलतम 4 वर्षों की गाथा, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों के सम्बंध में लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में तिथिवार आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में आज पोड़ी बचरा में प्रदर्शनी आयोजित की गई।छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर में शासकीय योजनाओं तथा उपलब्धियों की जानकारी जनसामान्य को आकर्षक तस्वीरों के माध्यम से दी जा रही है। प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोगों ने योजनाओं की सफलता और उन्हें मिले लाभ पर अपने अनुभव साझा किए तथा छत्तीसगढ़ सरकार को जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए शासन को धन्यवाद दिया।योजनाओं की सफलता पर हितग्राहियों ने दिया फीडबैक, छात्रों ने जनमन पत्रिका सहित अन्य सामग्री को बताया परीक्षाओं की तैयारी में मददगारप्रदर्शनी देखने आए किसान श्री मूलचंद अहीर ने बताया कि वे शासन की बाड़ी विकास योजना के अंतर्गत काम कर रहे हैं। आज इस योजना से मिली मदद से उन्हें अच्छा लाभ मिल रहा रहा है।



शिविर में छायाचित्रों को देखकर खुश हुए रमेश कुमार यादव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए बताया कि धान का उचित मूल्य मिलने से किसानों के आर्थिक स्थिति में सुधार आया हैं, वे स्वयं धान बेचकर इसका लाभ ले रहे हैं। गत दिवस कटगोड़ी सोनहत में हुए शिविर में पहुंचे छात्र कांता कुमार राजवाड़े ने जनमन पत्रिका सहित अन्य सामग्री को परीक्षाओं की तैयारी में मददगार बताया।

अगले शिविर नगरीय निकाय बैकुंठपुर और शिवपुर-चरचा में आयोजित किये जायेंगे। प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों को राज्य शासन की विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित जनमन पुस्तिका, छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक, न्याय का नया अध्याय, सेवा जतन सरोकार, करूणा सेवा सुशासन से संबंधित पुस्तक, पाम्पलेट, ब्रोशर आदि का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, नरवा-गरूवा-घुरवा-बाड़ी योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वनोपज, छत्तीसगढ़ मॉडल, बिजली बिल हाफ, कृष्ण कुंज, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, राजीव युवा मितान क्लब, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय आदि की जानकारी प्रदर्शित की गई है।

# राजधानी रायपुर में जी-20 देशों की बैठकों के लिए तैयारियां शुरू

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर /छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सितम्बर 2023 में प्रस्तावित जी-20 देशों की चौथी स्थायी वित्त कार्य समूह बैठक की व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में जी-20 की बैठकों की व्यवस्थाओं के समन्वय हेतु गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जी-20 देशों की बैठकों की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों से व्यापक चर्चा की गई। जी-20 बैठक की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए राज्य स्तर पर अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसमें जी-20 की बैठकों की व्यवस्थाओं के लिए संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी. को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह प्रोटोकॉल व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी आयुक्त जनसम्पर्क श्री दीपांशु काबरा और प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल श्री अनिल कुमार साहू और राज्य प्रोटोकॉल अधिकारी श्री अरविंद सिंह को नियुक्त किया गया है।

सुरक्षा एवं यातायात और प्रोटोकॉल के प्रभारी अधिकारी आईजी रायपुर रेंज श्री अजय यादव और गृह विभाग के संयुक्त सचिव श्री अभिजीत सिंह को बनाया गया है। रायपुर सिटी स्प्रूसिंग व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी संचालक नगरीय प्रशासन श्री अयाज फकीरभाई तम्बोली और नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी को नियुक्त किया गया है। जी-20 की बैठक में शामिल होने वाले अतिथियों को भ्रमण और भारतीय अनुभव के लिए प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल श्री अनिल कुमार साहू को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। जी-20 की बैठकों के प्रचार एवं ब्रांडिंग के प्रभारी अधिकारी आयुक्त जनसम्पर्क श्री दीपांशु काबरा और संचालक जनसम्पर्क श्री सौमिल रंजन चौबे को बनाया गया है। अतिथियों को उपहार एवं स्मारिका इत्यादि की व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी छत्तीसगढ़ आवासीय आयुक्त नई दिल्ली श्री अजीत बसंत और संचालक ग्रामोद्योग श्री अरूण प्रसाद को बनाया गया है। संचालक संस्कृति श्री विवेक आचार्य को जी-20 की बैठकों के दिवसों में





सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी बनाया गया है।

मुख्य सचिव ने राज्य के नोडल अधिकारियों को जी-20 की बैठकों के लिए आयोजित भारत सरकार द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों से समन्वय करने के निर्देश दिए है। उन्होंने नोडल अधिकारियों को अभी से तमाम व्यवस्थाओं की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था से जुडे.विभिन्न अधिकारियों का प्रशिक्षण देने की तैयारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिस मार्ग से जी-20 देशों के अतिथि प्रतिनिधि का आवागमन होगा, वहां पर अच्छे फूलदार पौधे लगाने और साज-सज्जा करने के निर्देश दिए है। इसी तरह से संस्कृति और विविधता प्रदर्शित करने, सड़कों के किनारों का दीवारों पर कलात्मक पेंटिंग एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिए। इसी तरह से जी-20 के लोगो विषय वस्तु का प्रचार-प्रसार करने की तैयारी करने तथा जी-20 थीम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जी-20 की बैठकों से पूर्व आईआईएम, एम्स एवं ट्रिपल आईआईटी जैसी संस्थाओं में चर्चा एवं सेमीनार आयोजित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्कूल और कॉलेजों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा है।

इसी तरह जी-20 थीम वाले शिल्प मेले, नृत्य और संगीत, पर्यटन स्थल के प्रमोशन वीडियो तैयार करने एवं जी-20 सचिव के साथ समन्वय के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। बैठक में जी-20 की बैठकों के लिए अधोसंरचना संबंधी कार्य, साफ-सफाई, साज-सज्जा, ठहरने हेतु होटलों में आवश्यक सुविधाओं के लिए व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था, उपहार व्यवस्था, टूरिज्म विजिट व्यवस्था, नागरिक भागीदारी (ग्रामीण हाट बाजार आदि), राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में सेमीनार (विश्वविद्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों आदि में जी-20 संबंधी), ट्रांसलेटर (दूभाषिया) व्यवस्था के संबंध में समन्वय, पूर्व विदेश सेवा के अधिकारियों के अनुभव प्राप्त करने एवं उनकी सेवाएं लेने संबंधी विषय पर चर्चा की गई।

बैठक में जी-20 देशों में निवासरत प्रवासी छत्तीसगढ़ी भारतीयों से समन्वय, जी-20 में भाग लेने वाले देशों के दूतावासों से सम्पर्क स्थापित करना, राज्य के प्रतिष्ठित कलाकारों, खिलाड़ियों आदि से समन्वय, आगंतुक महिला डेलिगेट्स की विशेष सुविधा व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसी तरह से विभिन्न आयोजनों के प्रस्तावों, लॉजिस्टिक आदि के संबंध में अन्य राज्यों से समन्वय स्थापित करने और राज्य के पांच प्रमुख दर्शनीय कार्य का प्रदर्शन, महिला सहभागिता जनित विकास कार्य, आयोजनों की सूची बनाना, दस्तावेजीकरण, रिकॉर्ड, अन्य राज्यों की व्यवस्थाओं को समझने हेतु राज्य स्तरीय दल भेजने के संबंध में आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी., आईजी रायपुर रेंज श्री अजय यादव, संचालक जनसम्पर्क श्री सौमिल रंजन चौबे और संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व श्री विवेक आचार्य सहित राज्य स्तरीय समन्वय समिति के अन्य सदस्य अधिकारी शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हो रहे हितग्राही ग्रामीण जन

मरुधर विशेष करन सोनी

प्रधनमंत्री आवास योजना ग्रामीणह्वको मिलने वाले पक्के के घर को प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा पूरे किस्त की राशि नही दिया,बीजेपी के पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने जनजागरूक कर फार्म भराया मोर आवासछत्तीसगढ़ जिला कोरिया के अंतर्गत पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने चलाया जागरूक अभियान प्रधानमंत्री आवास मूल अधिकार बीजेपी के कार्यकताओं द्वारा जोर-शोर से आयोजन कर ग्रामीण लोगों को जागरूक करया जा रहा है एवं उनके अधिकार के बारे में बताया जा रहा है



ग्राम गड़तर में मोर ह्लआवास-मोर अधिकार अभियान मे शामिल हुआ।केंद्र की मोदी सरकार के गरीब कल्याण की योजना ह्लप्रधनमंत्री आवास योजना ग्रामीणोंह्वको मिलने वाले पक्के के घर को प्रदेश की कांग्रेस सरकार के द्वारा पूरे किस्त की राशि न देने को लेकर जनजागरूक कर फार्म भराया गया। समस्त बीजेपी के कार्यकताओं द्वारा भरवाया जा रहा फॉर्म कोरिया की जनता को उनके अधिकार के बारे में बताया जा रहा है घर घर जाकर कि किस तरह प्रदेश के मुखिया ने विश्वासघात किया क्षेत्र की जनता के साथ

# स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के बयान से छत्तीसगढ़ में खलबली

मरुधर विशेष करन सोनी

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव सत्ता की रेस में 2018 में चूक गए थे। सीधे तो नहीं लेकिन बीच-बीच में उनकी दावेदारी सामने आती रहतीछत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव सत्ता की रेस में 2018 में चूक गए थे। सीधे तो नहीं लेकिन बीच-बीच में उनकी दावेदारी सामने आते रहती है। भूपेश सरकार के ढाई साल पूरे होने पर उन्होंने अपनी दावेदारी से खलबली मचा दी थी। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में एक साल का समय बचा है। उससे पहले वहां के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव का एक बयान सामने आया है। इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। टीएस सिंह देव ने कहा है कि मैं चुनाव से पहले अपने भविष्य के बारे में फैसला लूँगा।दरअसल, छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव 2023 में होने हैं। इससे पहले बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में सीएम पद की रेस में एक समय में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव थे। बाजी भूपेश बघेल जीत गए थे। हिमाचल चुनाव में जीत के बाद भूपेश बघेल की स्थिति पार्टी में और मजबूत हुई है। ऐसे वक्त में वहां के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव का एक बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि मैं चुनाव से पहले अपने भविष्य का फैसला लूंगा। मैंने अभी तक कुछ सोचा नही।गौरतलब है कि भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव के बीच कथित तौर पर अनबन की खबरें आती हैं। हालांकि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एमपी आकर दोनों ने एकजुटता दिखाई थी। टीएस सिंह देव और भूपेश बघेल राहुल गांधी के साथ पैदल चलते नजर आए थे। वहीं, दोनों छत्तीसगढ़ में भी दोनों कई कार्यक्रमों में साथ देखे गए हैं। छत्तीसगढ़ के सरगुजा इलाके में टीएस सिंह देव का जनाधार अच्छा है। चुनाव से पहले आए उनके इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे



# चिरमिरी पुलिस को मिली एक बार फिर बड़ी कामयाबी

मरुधर विशेष करन सोनी

हल्दीबाड़ी चिरमिरी खदान आर 6 मे हो रही लगातार चोरियो को देखते हुए एस ई सी एल के अधिकारियों द्वारा थाना चिरमिरी को सूचना दी जैसे ही सूचना प्राप्त हुई थाना प्रभारी कमल कांत शुक्ला जी के द्वारा तत्काल रुप से कार्यवाही करते हुए देर रात्रि गश्त के दौरान दो आरोपियों को आर 6 खदान के पास लोहे के कबाड़ के साथ धर दबोचा और उन्हें थाने ले जाकर पूछताछ की जिससे दोनों आरोपियों ने अपने कृत्य कबूला और थाना प्रभारी के समक्ष उन्होंने बताया कि यह सारा लोहे का कबाड हल्दीबाड़ी निवासी कैलाश अग्रहरि को देते हैं चिरमिरी पुलिस तत्काल रूप से कार्रवाई करते हुए एस ई सी एल की टीम के साथ कैलाश अग्रहरि के गोदाम एवं घर में छापामारी की जहां पड़े लोहा के कबाड़ को एस ई सी एल कर्मचारियों द्वारा पहचान की गई यह एस ई सी एल का लोहा है लोहे का कबाड़ लगभग 2 टन से अधिक था जिसकी कीमत लगभग एक से डेढ़ लाख रुपए की आंकी गई कई सालों से अवैध कबाड़ का धंधा पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर धंधा चला रहा था जिसे चिरमिरी पुलिस ने आज धर दबोचा तथा कबाड़ चोरों पर आई पी सी की धारा के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया





# मुख्यमंत्री ने सोनाखान में ओपन एयर म्यूजियम का किया शुभारंभ

मरूधर विशेष छत्तीसगढ़

रायपुर,/शहीद वीर नारायण सिंह की जन्म एवं कर्म स्थली को उनके गौरव के अनुरूप विकसित करने के लिए जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा सोनाखान में भव्य ओपन एयर म्यूजियम का निर्माण किया गया है, जिसका शुभारंभ आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। इसके अलावा उन्होंने बलौदाबाजार-भाटापारा टूरिज्म सर्किट का भी शुभारंभ किया। इस टूरिज्म सर्किट में बाबा गुरू घासीदास की जन्म एवं कर्म स्थली गिरौदपुरी, शहीद वीर नारायण सिंह की जन्म एवं कर्म स्थली सोनाखान, कबीर पंथियों के प्रसिद्ध धर्म स्थली दामाखेड़ा, तुरतुरिया, सिद्धखोल जलप्रपात, बलारडेम, सिद्धेश्वर मंदिर पलारी और नारायणपुर का शिव मंदिर शामिल है। इस टूरिज्म सर्किट में आने वाले पर्यटकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। सोनाखान में बनाया गया यह म्यूजियम प्रदेश में अपनी तरह का पहला म्यूजियम होगा, जहां ऑडियो-विजुअल सेटअप और एक विशेष धातु कॉर्टेन स्टील के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी को प्रदर्शित किया जा रहा है। कॉर्टेन स्टील के बनें लम्बे और सुंदर पैनल्स पर शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी उकेरी गई है। जिसकी भव्यता दिन के साथ ही रात में भी देखी जा सकती है। लाइट के अद्भुत सेटअप इसे खास और अलग बनाते हैं। सभी पैनल एक ऑडियो सेटअप लगा हुआ है, जिसके माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह की जन्म से लेकर क्रांति और बलिदान को सुना जा सकता है। यह ऑडियो हिंदी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी भाषा में उपलब्ध है। यहां आने वाले लोग अपनी पसंद मुताबिक ऑडियो की भाषा तय कर सकते हैं। देश में कॉर्टेन स्टील का उपयोग विभिन्न महान परियोजनाओं में कलाकृतियां बनाने के लिए किया जा चुका है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, बिहार म्यूजियम और कई देशों के प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट में इसका उपयोग किया गया है। यहां पार्किंग और केंटिन की भी व्यवस्था रहेगी। केंटिन की व्यवस्था स्व-सहायता समूह के द्वारा संचालित की जाएगी। इसके साथ ही यहां आने वाले लोगों को म्यूजियम में प्रवेश सशुल्क रहेगा। इस नवाचार से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को भी रोजगार उपलब्ध होगा।



## 3 साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश, मां ने पकड़ा रंगे हाथों

मरूधर विशेष छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के मामले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। ऐसे में राजधानी रायपुर से 03 वर्षीय छोटी बच्ची से पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म की कोशिश करने का नया मामला सामने आया है। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।मामला रायपुर जिले के माना थाना क्षेत्र का है। यहां बीते सोमवार को एक 03 वर्षीय बच्ची से उसी के पड़ोस में रहने वाला नाबालिग आरोपी दुष्कर्म करने की कोशिश रहा था। तभी वहां बच्ची की मां पहुंच गई। बच्ची की मां को आता देख आरोपी वहां से भाग गया। इसके बाद बच्ची की मां ने माना थाना में जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। रायपुर एडिशनल एसपी अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि माना थाना अंतर्गत 03 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश करने का मामला सामने आया था। आरोपी बालक नाबालिग है और उसी बच्ची का पड़ोसी भी है। बहच्ची की मां ने उसे ऐसा करते देखा था। थाने में बच्ची की मां के शिकायत दर्ज कराने के आधार पर नाबालिग आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।



## जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा गुरु घासीदास जयंती के विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिलशोभा यात्रा का किया भव्य स्वागत

मरूधर विशेष छत्तीसगढ़

रायपुर--आज गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत भनपुरी, गोगांव, सरोरा, बिरगांव, मोवा, देवपुरी, सेजबहार, डोमा, न्यू राजेंद्र नगर, फुंडर , माना कैंप, अमलीडीह, सड्डू,कांपा सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था वही कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा एवं ग्रामीण विधानसभा विधायक सत्यनारायण शर्मा शामिल हुए पंकज शर्मा ने विभिन्न स्थानों पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का नारा दिया था अर्थात हम सबको एक साथ मिलकर रहना चाहिए किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रखना चाहिए उन्होंने समाज को एक अच्छी दिशा देने का प्रयास किया जिसे हमें आगे बढ़ाना है समाज आज विभिन्न प्रकार की नशाओ की गिरफ्त में जा रहा है इसमें युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल है जबकि एक स्वस्थ समाज के लिए नशे से दूरी जरूरी है उन्होंने कहा कि बाबा जी ने मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की गुरू घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उनका जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय हैं। वही 16 दिसंबर को नगर में शोभा यात्रा निकाली गई थी जिसके स्वागत के लिए निगम मुख्यालय के सामने भव्य मंच बनाया गया था इस मंच से पंकज शर्मा एवं ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा ने शोभा यात्रा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



## कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग कुसुम को तुरंत मिली व्हीलचेयर, विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंची महिला को मिला त्वरित समाधान

मरुधर विशेष करन सोनी

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर :- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कलेक्टर कार्यालय में गत सोमवार को अलग-अलग परेशानियों से जुड़े आवेदन लेकर दिव्यांग श्रीमती कुसुम पहुंची थी। इनके निराकरण के लिए कलेक्टर श्री पीएस ध्रुव से मिलकर उन्होंने अपनी बात रखी। महिला के आवेदनों में व्हीलचेयर, टीबी ग्रसित पुत्र के इलाज हेतु सहायता और राशनकार्ड से जुड़ी समस्या थी। कलेक्टर श्री ध्रुव ने पहले तो महिला से बात कर उनका हौसला बढ़ाया और फिर तुरंत उनकी सभी समस्याओं का समाधान भी कर दिया।कलेक्टर की संवेदनशीलता पर कलेक्टर कार्यालय पहुंची चौनपुर निवासी 50 वर्षीय दिव्यांग श्रीमती कुसुम को मौके पर ही व्हीलचेयर प्राप्त हुआ। श्रीमती कुसुम अपने टीबी ग्रसित पुत्र के इलाज हेतु सहायता के लिए कलेक्टर श्री ध्रुव के पास आवेदन लेकर पहुंची थी, कलेक्टर ने तुरंत सहृदयता का परिचय देते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से पुत्र को स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में मरीज को स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें दवाइयां देकर त्वरित इलाज कराया गया। कुसुम ने खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर श्री ध्रुव को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही कुसुम ने अपनी राशन कार्ड की समस्या के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया तो श्री ध्रुव द्वारा खाद्य अधिकारी को त्वरित निराकरण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित भी किया गया।



## कोविड-19 के बाद त्योहारी उत्सव को लेकर मसीही धर्मावलंबियों में भी खासा उत्साह बना हुआ है

मरुधर विशेष करन सोनी

कोरिया :- कोविड-19 के बाद त्योहारी उत्सव को लेकर मसीही धर्मावलंबियों में भी खासा उत्साह बना हुआ है। बीते दो साल तक त्योहारों की खुशी सार्वजनिक रूप से नहीं मना पाने वाले इस समुदाय द्वारा एक मंच से क्रिसमस से पूर्व खुशी का आगाज 19 दिसंबर को क्रिसमस रैली के रूप में क्षेत्र में किया गया।चिरमिरी क्षेत्र के एवेंजेलिकल लूथरन चर्च गोदरीपारा से रैली की शुरूवात हुई। यह रैली डोमनहिल, कोरिया कालरी, वेस्ट चिरमिरी पोड़ी, हल्दी बाड़ी, बड़ा बाजार, एकता नगर होते हुए चर्च परिसर में समाप्त हुआ। 40 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में मसीही समाज के हर वर्ग व उम्र के लोग शामिल हुए। क्षेत्र के सभी प्रमुख स्थानों पर प्रभु येशु के आगमन का संदेश धर्मगुरुओं के द्वारा सुनाया गया, साथ ही क्षेत्र के सभी लोगो की खुशहाली और शांति अमन के लिये प्रार्थना किया गया। क्रिसमस रैली में लोग प्रभु यीशु के आगमन को लेकर नाचते गाते रहे। इस क्रिसमस रैली का आयोजन संयुक्त मसीही समाज चिरमिरी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष पास्टर गोसेन एक्का उपाध्यक्ष विकास मसीह, सचिव कृष्णा बड़ा, सदस्यगण राकेश चौहान, जीडीएस मरावी, पंकज, सनिल कुजूर, सुरेश टोप्पो, राजीव सालोमन, अरुण आसावान, अरुण सिंह, नितेश बोयर, राजेन्द्र दास सहित काफी संख्या ने समाज के लोग उपस्थिति रहे।



## धरसीवां विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन.....

मरूधर विशेष छत्तीसगढ़

रायपुर । धरसीवा विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा के द्वारा आज अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुलसी में कबीर आश्रम में अतिरिक्त कक्ष, काजी हाउस में अहाता निर्माण, नाली निर्माण, पुलिया निर्माण सहित लगभग 12 लाख रूपए के विकास कार्यों का विधिवत पूजा पाठ कर भूमिपूजन किया।विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने कहा क्षेत्र की जनता के मूलभूत सुविधाओं की मांग थी जिसको देखते हुए क्षेत्रवासियों की मांग को पूरा करते हुए आज विकास कार्यों भूमिपूजन किया और निश्चित आज छत्तीसगढ़ माडल पूरे देश में चर्चा हैं और हमारी सरकार के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक प्रकार की योजनाएं चल रही हैं जिससे ग्रामीण जनों को विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर मिल रहे हैं निश्चित ही ग्रामीण जनों के लिए नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना हो जिससे आज महिलाएं एवं ग्रामीण जन इससे लाभान्वित हो रहे हैं और आर्थिक रूप से समृद्धि मिल रही है जो हमारी सरकार की सफलता हैं।आज इस अवसर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, पप्पू राजेन्द्र बंजारे, ग्राम पंचायत सरपंच टुम्मन लाल धीवर, मिथलेश देवांगन, चंदूलाल धीवर, सुभाष कुर्रे, भागवत लहरी, सोम देवागन, जनक खेलवार, गंगाराम चेलक, प्रमोद साहू, नेतराम धीवर, द्वारिका साहू, मोतीलाल साहू, संतोष साहू, अकालू साहू घनश्याम देवागन, गिरवर देवांगन सहित भारी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।



# परशुराम कुंड अमृत यात्रा का किशनगढ़ बास में पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में हुआ स्वागत

मरुधर विशेष/ विजय सिंह

किशनगढ़ बास। अरुणाचल प्रदेश में 51 फीट की मूर्ति स्थापना को लेकर 8 नवंबर को कांचीपुरम से रवाना हुई भगवान परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा का 'अमृत भारत रथ' मंगलवार को किशनगढ़ बास पहुंचने पर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव सहित विभिन्न संगठनों की ओर से कस्बे में जगह जगह यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। उमेश कांत वशिष्ठ चेयरमैन,किशनगढ़ ऑफ एजुकेशन ने बताया कि मंगलवार को किशनगढ़ बास पहुंची परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा का तिजारा कोटकासिम तिराहे पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने स्वागत कर बाइक रैली निकालकर यात्रा की अगुवाई की। तोप सर्किल पर विप्र फाउंडेशन विधि सलाहकार एवं



अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अमित गौड़ के नेतृत्व में वकीलों ने व पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने पुष्प वर्षा कर एवं परशुराम की मूर्ति पर शॉल व माला पहनाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लख्याणी, पूर्व प्रधान विनय व्यास, सेवानिवृत्त तहसीलदार कमलेश शर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश सिंघल, राजेश बटवाडा, उमेश कांत वशिष्ठ, मनोज मित्तल, पार्षद मनीष लख्याणी, पार्षद तेज सिंह सैनी,जसवंत यादव, पृथ्वी संगवैया, खुशीराम यादव, मुकेश सोनी, जसवंत यादव, पूर्व सरपंच जनेश भूटानी, दिनेश बंजारा, हेमंत सविता, आजसेवी हीरू हरवानी, राजावलेचा, भोलाराम शर्मा, प्रेमचंद सोनी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा 160 किग्रा गोमांस व गोवध करने के उपकरण के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार

मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा अभियान के क्रम में दिनांक 19.12.2022 को उ0नि0 मंजीत सिंह थाना फुरसतगंज जनपद मय हमराह द्वारा तालाश वांछित, देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 04 अभियुक्तों 1.हसन रजा पुत्र हमीद निवासी ग्राम मेडई का पुरवा मजरे तेदुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी, 2.मो0 वारिस उर्फ पप्पू पुत्र मो0 हनीफ निवासी ग्राम पूरे झींगुर मजरे तेदुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी, 3.मो0 रिजवान पुत्र मो0 इब्राहिम निवासी ग्राम पूरे झींगुर मजरे तेदुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी एवं 4.राम नरेश पुत्र रामसुमेरे निवासी ग्राम बन्झोलिया मजरे बसौनी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी को पूरे तुराब मजरे बसौनी से



रेलवे लाइन के पास से गोवंश को काटकर पैकेट मे भरते समय, समय करीब 04ज्ज्ः45 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 160 किग्रा0 गोमांश, 01 अदद चापड़/गड़ासा, 04 अदद लोहे की छूरी, 01 अदद कुल्हाड़ी, 01 अदद लोहे का बड़ा तराजू, लोहे का 01 किग्रा0 का ज्ज्बांट, 01 अदद लकड़ी का ठीहा एवं लगभग 100 काली पन्नी 01 किग्रा0 की बरामद हुई । गिरफ्तार अभियुक्तों के संबंध में थाना फुरसतगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता झ

1. हसन रजा पुत्र हमीद निवासी ग्राम मेडई का पुरवा मजरे तेदुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 48 वर्ष ।
2. मो0 वारिस उर्फ पप्पू पुत्र मो0 हनीफ निवासी ग्राम पूरे झींगुर मजरे तेदुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष ।
3. मो0 रिजवान पुत्र मो0 इब्राहिम निवासी ग्राम पूरे झींगुर मजरे तेदुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 26 वर्ष ।
4. राम नरेश पुत्र रामसुमेरे निवासी ग्राम बन्झोलिया मजरे बसौनी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष ।

बरामदगी-

ड्ड 160 किग्रा0 गोमांश 01 अदद चापड़/गड़ासा, 04 अदद लोहे की छूरी, 01 अदद कुल्हाड़ी, 01 अदद लोहे का बड़ा तराजू, लोहे का 01 किग्रा0 का ज्ज्बांट, 01 अदद लकड़ी का ठीहा एवं लगभग 100 काली पन्नी 01 किग्रा0 की ।

# कांग्रेस सेवा दल ने भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ अलवर कटी घाटी से पैदल मार्च किया गया

मरुधर विशेष /सह संपादक दिनेश लेखी

अलवर। शहर स्थित कटी घाटी से रामगढ़ विधानसभा के बीजवा तक भारत जोड़ो यात्रा में रामगढ़ विधायक सफिया व जुबेर खान अध्यक्ष मेवात विकास बोर्ड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राजस्थान सरकार भी साथ पैदल चले। कांग्रेस सेवादल दल की टीम में मौजूद रहे। जिला कांग्रेस के पदाधिकारी व प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी और राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लालजी भाई देसाई प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल , प्रदेश पदाधिकारी डॉक्टर जी एस नरूका प्रभारी दल जगत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल पार्षद नगर पालिका गोविंदगढ़ जिला महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी अलवर, डॉक्टर डालचंद भारद्वाज संयोजक स्वास्थ विभाग प्रदेश



कांग्रेस सेवादल, ओमवीर सिंह नरूका प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवा दल ,जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस सेवादल अलवर एडवोकेट दुलीचंद मीणा, तुलसी सोनी प्रदेश सचिव ,योगेशऔड प्रदेश सदस्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल ,राकेश मीणा जिला महासचिव, अमर सिंह मीणा प्रवक्ता जिला कांग्रेस सेवादल, सुरेश जागा जिला महासचिव ,सुरेश चंद गोली ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल राजगढ़ एवं पूर्व सरपंच दिनेश कुमार सौदान प्रजापत ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मणगढ़, हेमंत मेहरा ब्लॉक अध्यक्ष गोविंदगढ़ ,नेमीचंद जांगिड़ ब्लॉक अध्यक्ष बड़ौदामेव, नारायण सिंह दीनार, बलदेव प्रधान बगड़ तिराया, दया किशन सैनी ब्लॉक अध्यक्ष रामगढ़, प्रभु दयाल पूर्व सरपंच एवं ब्लाक अध्यक्ष मुंडावर, आदित्येंद्र जिला महासचिव खेरली रेल, धनपाल मीणा जिला महासचिव, रामअवतार ब्लॉक अध्यक्ष कठूमर, सौदान प्रजापत ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मणगढ़ ,विष्णु दीनार ,बाबू लाल, संजय कुमार ,भवानी सिंह, मगनलाल, रोहतास सिंह नरूका ब्लॉक अध्यक्ष इडली, रामकिशन सैनी, अशोक शर्मा, राजू ,संदीप, बृजमोहन, किशन लाल सैनी, कैलाश चंद गुर्जर, महेंद्र चौधरी, दिल्ली खान नरोत्तम सैनी, शमशु, हिम्मत सिंह, चौधरी महेंद्र चंदेल दीन मोहम्मद, कीर्ति कुमार सुनील प्रजापत, संतोष सैनी, विजेंद्र सिंह नरूका गोविंदगढ़, जितेंद्र सिंह नरूका ब्लाक महासचिव गोविंदगढ़ कांग्रेस सेवादल के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शुरू हुई मां की रोटी रसोई कोटड़ा के लिए अभिनव - कुंवरानी निवर्ती कुमारी

मरुधर विशेष उदयपुर संभाग-लिम्बाराम उटेर

कोटड़ा मंगलवार को मां फाउंडेशन और कोटड़ा आदिवासी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटड़ा में मां की रोटी कार्यक्रम की शुरूआत की गई।पूर्व मेवाड़ राजघराने की कुंवरानी निवर्ती कुमारी जी और मां फाउंडेशन की संस्थापक गीता गोपालकृष्णन द्वारा की गई।

### क्या है माँ की रोटी

गीता गोपाल कृष्णन ने बताया कि मां के हाथों का पोष्टिक भोजन सस्ती दर पर सभी को मिले इस सपने के साथ मां फाउंडेशन द्वारा देश के 4 राज्यो में इसे शुरू किया गया है। कोटडा में यह 25वा मां की रोटी रसोई की शुरूआत की गई है।

### कैसे लाभ मिलेगा समुदाय को

कोटडा आदिवासी संस्थान के सरफराज शेख ने बताया कि शुरूआत में 50 लोगो ले भोजन से इसे शुरू किया जा रहा है फिर मांग व जरूरत अनुसार इसे बढ़ाया जाएगा। इसे स्थानीय आदिवासी माताओं द्वारा बनाया जाएगा जिनकी संख्या 9 है। प्रतिदिन माताएं अपने बाती वे अनुसार भोजन बनाएगी। यह भोजन 10 रु में उपलब्ध करवाया जाएगा। इसमे रोटी,




सब्जी, दाल और चावल होगा।

### क्या कहाँ निवर्ती कुमारी ने

उन्होने कहा कि वे आभारी है कि इस सुअवसर के शुभारंभ में उन्हें आने और सभी से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि जब मेवाड़ स्टेट हुआ करता था तब से यहाँ से रिश्ता रहा है जिसे हमे आगे भी बढ़ाना है। उन्होंने हर संभव सहयोग इस मुहिम को ले जाने में करेगे। उन्होंने अपनी बात मेवाड़ी भाषा मे रखी जिसने सभी का दिल जीत लिया।

### क्या कहाँ विधायक ने

उन्होंने बताया कि इस रसोई से जो लोग पैसे नही होने से भूखे रहते है उन्हें बहुत मदद मिलेगी। हमे मिलकर इसे सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि स्थानीय महिलाओ का स्वाद लोगो को अब कोटडा में भी मिलेगा।

### आदिवासी परम्परागत स्वागत से अभिभूत हुई निवर्ती कुमारी

जैसे है निवर्ती कुमारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटडा के दरवाजे पहुँची परपम्परागत ढ़ोल, कुंडी, बाजा से उनका स्वागत हुआ, कोटडावासियो द्वारा फूल बरसा कर, पूजा कर व तिलक-लच्छा बांध कर उनका स्वागत किया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा सभी भोजन बनाने वाली माताओं को चुनरी ओढ़कर स्वागत किया। कार्यक्रम में राजस्थान आदिवासी अधिकार मंच के धर्मचन्द खैर, प्रधान सुगना देवी, विकास अधिकारी धनपतसिंह राव, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकरलाल, थानाधिकारी रामसिंह, नायब तहसीलदार अर्जुनलाल, सरपंच जयश्री देवी, समाजसेवक कय्यूम खांन ने भी भाग लिया।

## श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में पौष कृष्ण पक्ष द्वादशी मंगलवार पर बालाजी महाराज का चमेली तेल से अभिषेक कर सजाई गई भव्य झांकी

मरूधर विशेष/विशेष संवाददाता



जयपुर-श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में पोस्ट कृष्ण पक्ष द्वादशी मंगलवार पर चमेली के तेल से अभिषेक कर बालाजी महाराज के चोला चढ़ाया गया तत्पश्चात बालाजी महाराज को पोशाक धारण कराई गई एवं ऋतु फूलों से भगवान की भव्य झांकी सजाई गई।स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज हाथोज धाम ने बताया कि द्वादशी मंगलवार के पावन पर्व पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर मारुति नामावली के द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी गई। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्तों ने बालाजी महाराज के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया व मन्नत का नारियल बांधकर प्रार्थना करते हुए दर्शन किए।

## जयपुर के प्रसिद्ध कान्हा रेस्टोरेंट के कर्मचारी ने किया सुसाइड, रेस्टोरेंट के मैनेजर, यूनिट हेड एवं सुपरवाइजर पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

मरूधर विशेष/महावीर सिंह

जयपुर-जयपुर के प्रसिद्ध कान्हा रेस्टोरेंट क्वींस रोड के कर्मचारी अभिनंदन पांडेय ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली अभिनंदन सुसाइड नोट एवं मौत से पहले के दो वीडियो छोड़कर गया है वीडियो में अभिनंदन ने रोते हुए बताया कि रेस्टोरेंट वाले मुझे बहुत परेशान कर रहे हैं पैसा भी नहीं दे रहे और 2 दिन से मुझे खाना भी नहीं दिया।अभिनंदन ने रेस्टोरेंट के यूनिट हेड अंकित मेहता, मैनेजर मोहन स्वामी, सुपरवाइजर चांद बाबू खां, धर्मेंद्र एवं रेड कैसियर अभिमन्यु को अपनी आत्महत्या का जिम्मेदार बताया चित्रकूट थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है अभी तक इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।



## नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण सत्र संपन्न

बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट

बांसवाड़ाः भोपाल नेहरू स्टेडियम मध्य प्रदेश में नवनिर्वाचित महापौर,नगर पालिका अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदों का महासम्मेलन प्रशिक्षण केंद्र में लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय शिवराजसिंह चौहान माननीय नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह उपस्थिति रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान जनता का सेवक बनकर काम करना, जनता के हितों का काम करना कैसे काम करना प्रशासन से कैसे काम करवाना आदि अधिक से अधिक जन सेवा करना जनता आपको दोबारा चुनेंगी अच्छा काम करोगे तो कार्यक्रम अंत में विकास जन कल्याण और समाधान का संकल्प कराया। इस अवसर पर कंचन सामाजिक सेवा संस्थान संपूर्ण भारत,भारतीय गोरक्षा वाहिनी प्रदेश, महामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पार्षद राजू धानक ने निर्वाचित हुए जनप्रतिनिधियों को पेंशन लागू करने की मांग पत्र सौंपा वह पेंशन चालू करने का निवेदन करते हुए माननीय मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का कार्यक्रम में नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों का मानदेय भत्ता बढ़ाने नवीन घोषणा पर माननीय मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर कई पार्षद महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष,नगर परिषद अध्यक्ष आदि सामिल हुए।कार्यक्रम के पश्चात नगरी प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह जी के निवास स्थान जाकर जिले के झाबुआ की पांचों नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों ने नवीन कार्यों का मांग पत्र सौंपा अंत में भाजपा पार्टी मुख्यालय में जाकर उपस्थिति दर्ज कराई। सीहोर कूबेश्वर धाम में भारतीय गोरक्षा वाहिनी प्रदेश महामंत्री पार्षद राजू धानक नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सूनिल पणदा पार्षदगण माया सचिन सोलंकी कन्नू मौर्य जगदीश प्रजापत भूमिका आशिस सोनी धापूबाई वसूनिया यात्रा प्रभारी नगर परिषद धार्मिक आचार्य आदि समाज जनों ने भगवान कूबेश्वर के दर्शन लाभ लेते हुए दौरा कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## प्रधानाचार्य जिसको को दो घंटे में पुलिस ने करवाया था अपरहण मुक्त आज उसके ही खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

मरूधर विशेष/विशेष संवाददाता झुंझुनूं

झुंझुनू जिले के गांव जयपहाड़ी स्थित शहीद जगदीश सिंह राजकीय उमावि के जिस प्रधानाचार्य दो घंटे में पुलिस ने अपहरण से मुक्त करवाया था। उसके खिलाफ ग्रामीणों ने आज मोर्चा खोल दिया। स्कूल के मुख्य दरवाजे के बाहर ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल के प्रधानाचार्य विकास भालोठिया सहित स्टाफ को बदला जाए। ग्रामीणों ने चेताया कि तीन दिन में उनकी मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन को तेज करते हुए स्कूल पर ताला जड़ दिया जाएगा तथा धरना दिया जाएगा। ग्रामीणों ने माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के निदेशक को ज्ञापन भी भेजा। ज्ञापन में लिखा है कि प्रधानाचार्य विकास भालोठिया ने एक अध्यापिका को अश्लील मैसेज भेजे, जिस पर अध्यापिका ने बगड़ थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाई है। ज्ञापन में लिखा है कि स्कूल में 12वीं तक छात्राएं भी पढ़ती हैं। ऐसी गतिविधियों से स्कूल का वातावरण खराब हो रहा है। ग्रामीणों व अभिभावकों में भी भय का माहौल है। ऐसे में मामले की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा प्रधानाचार्य समेत स्टाफ को बदला जाए। वही आपकी जानकारी के लिए बता दे कि गत दिनों प्रधानाचार्य का अपहरण कर लिया गया था। जिसको पुलिस ने दो घंटे में मुक्त करवा लिया। इस अवसर पर कप्तान किरण सिंह शेखावत सेना मेडल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल की जो कमेटी बनी हुई है वह सिर्फ कागजों में बनी हुई है स्कूल के अंदर अव्यवस्थाओं का आलम है। जो यह घटनाएं सामने आ रही हैं इससे हमारे गांव की बदनामी हो रही है और हमारे गांव के बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है।



## अमेठी तहसील तिलोई से हरि बक्श सिंह तिलोइ विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त

मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य

भारतीय किसान कांग्रेस ब्रिगेड कमेटी रजिस्टर की राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरण प्रीत व राष्ट्रीय प्रभारी श्री सुखविंदर शर्मा ने उत्तरप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसंसा पर तिलोई विधानसभा अध्यक्ष पद पर हरि बक्श सिंह की नियुक्ति की गई है। इनको किसानों एवं मजदूरों व श्रमिकों के कल्याण के लिए आवाज उठाने व कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने हेतु यह जिमेवारी दी गयी है। इनकी इस नियुक्ति पर इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।



Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256